**<u>SET – A</u>**

# Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination – 2016

*Practical Examination on Basic Knowledge of Computer Operation*

***Time : 1 Hr.*** ***Max. Marks : 100***

**Note :**

1) Attempt all questions. All questions carry equal marks.
2) Write the answer of Q. No. 1 on the given answer sheet.
3) Perform the practical exercise(s) on computer system for each part of Q. No. 2 to Q. No. 5. Save the answer of each part of these questions (for taking printout) as per instructions given to you in the computer operation practical examination hall. Make suitable assumption(s) where ever required.
4) Do not put any identification mark (Roll No., Name etc.) concerning you in any answer of the question.

**Q. No. 1**

(a) Write down the names of any two Internet browsers.

(b) Write down the structure of a typical e-mail address.

(c) Write down the step(s) for creating a new folder in Microsoft Windows operating system.

(d) Write down the step(s) to change screen resolution through Control Panel in Microsoft Windows operating system.

(e) Write down the names of any two search engines on the Web.

**Q. No. 2**

(a) In MS-Word, draw the following table:

<table>
<tr><td>Uttarakhand</td><td rowspan="3">Uttarakhand is a beautiful and peaceful state in the northern part of India.</td></tr>
<tr><td>Public Service Commission</td></tr>
<tr><td>Haridwar</td></tr>
</table>

(b) In MS-Word, type the following text and strikethrough it:

This examination assesses the basic knowledge of Computer Operations.

(c) Type the following list in MS-Word:

- Preliminary Examination
- Screening Test
- Qualifying Test
- Main Examination

(d) In MS-Word, insert the text "Examination" as footnote on a page.

(e) Using MS-Word, type the text "I am Indian". Copy this text in next line and bold and italicize it.

**Q. No. 3**

(a) Create a table in MS-Access with following fields. Type of the corresponding field is given in bracket of each.

Case_No (Number), Petitioner_Name(Text), Date_of_Filing(Date)

(b) Insert following data in the table created in part (a):

| Case_No | Petitioner_Name | Date_of_Filing |
|---|---|---|
| 101 | AB | 03/05/2006 |
| 102 | MB | 06/10/2008 |
| 103 | DC | 07/11/2009 |
| 104 | TN | 10/10/2010 |

(c) Use MS-Access feature(s) to arrange the entries in the table created in part (b) in ascending order with respect to the Petitioner_Name field.

(P.T.O.)

(d) Use MS-Access feature(s) to display the total number of entries in the table created in part (b).
(e) In the table created in part (b), add a new field Advocate_Name(Text) after the column Date_of_Filing and enter BT, XY, PR, and MT values in this field from first to last record, respectively.

**Q. No. 4**

(a) In MS-Excel, create the following table:

| Farmer_Name | Land_Size (In Acres) | Total_Profit (In Rupees) |
|---|---|---|
| AB | 10 | 80000 |
| TM | 5 | 55000 |
| RS | 22 | 220000 |
| KL | 2 | 25000 |
| TR | 6 | 54000 |
| LM | 17 | 144500 |

(b) Add a new column 'Profit_per_Acre (In Rupees)' after the column 'Total_Profit (In Rupees)' and populate its values using following formula:

Profit_per_Acre (In Rupees) = Total_Profit (In Rupees) / Land_Size (In Acres)

(c) Sort the entries in the table obtained from part (b) in descending order with reference to the values of column 'Profit_per_Acre (In Rupees)'.
(d) Create a bar chart using entries in columns 'Farmer_Name' and 'Land_Size (In Acres)' from the table created in part (a).
(e) Create following in MS-Excel:




**Q. No. 5** Using MS-Power Point, do the following:

(a) Create a slide. Add the title 'Indian Judiciary' and add the sub-title 'An Overview' in this slide.
(b) Create a slide. On this slide, add the title 'Uttarakhand' and add following text:

- The Uttarakhand High Court is situated in
    - ✓ Nainital

(c) Create a slide. Add following in this slide:

Uttarakhand

(d) Create a slide and add current date on the bottom of this slide using Date and Time feature of MS-Power Point.
(e) Create a slide and add the following table on this slide:

| Court City | Cases |
|---|---|
| ABC | 12500 |
| XYZ | 10100 |

Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination – 2016

No. of Printed Pages : 4

**CJJ-05**

**2016**

**विधि – III (राजस्व और दाण्डिक)**

# LAW – III (Revenue and Criminal)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी कुल **छः (6)** प्रश्नों का उत्तर दें, जिनमें **खण्ड 'अ'** से प्रश्न संख्या 1 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न तथा खण्ड **'ब'** से प्रश्न संख्या 6 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । **एक** प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should answer **six** questions in all, out of which they should answer question No. **1** and any other **two** questions from **group 'A'** and question No. **6** and any other **two** questions from **group 'B'**. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

## खण्ड – अ / Group – A

1. (अ) भूमि के राज्य में निहित हो जाने के उपरांत, बंधककर्ता के भूमि पर क्या अधिकार हैं ? यदि इसका कोई अपवाद हो तो बताइए । **20**

(ब) निम्नलिखित की परिभाषा दीजिए :

(1) भूमि **5**

(2) खदान **5**

(3) आस्थान **5**

(4) सायर **5**

(a) What rights a mortgagee has in the land, after it is being vested in the State ? State the exception, if any.

(b) Define the following :

(1) Land

(2) Mine

(3) Estates

(4) Sayer

2. (अ) पुनर्स्थापना अनुदान क्या है और कौन इसको पाने का हकदार है ? 15

(ब) संपत्ति के वर्गीकरण के सिद्धान्तों की और धारा 93 के अंतर्गत नेट आय की व्याख्या कीजिए। 15

(a) What is Rehabilitation Grant and who is entitled to it ? Discuss.

(b) Describe principle of classification of property and appointment of Net Income under Sec. 93.

3. (अ) भूमि के निहित हो जाने के उपरांत खदानों को चालू रखने की प्रास्थिति का वर्णन कीजिए। 10

(ब) भूमि धारकों के भिन्न वर्गों को समझाइए। 10

(स) भू-धारक का हित कब अंतरणीय होता है ? 10

(a) Discuss status of operation of Mines after the vesting of the Land.

(b) Explain classes of Tenure holder.

(c) When is Bhumidar's interest transferrable ?

4. (अ) भूमिधर द्वारा अंतरण पर क्या निर्बन्धन हैं ? 10

(ब) अनुसूचित जाति के सदस्य द्वारा भूमि अंतरण पर निर्बन्धन। 10

(स) धारा 209 के तहत बहिर्गमन हेतु आदिवासी के अधिकार। 10

(a) What restrictions exist on Transfer by Bhumidar ?

(b) Restrictions on Transfer of Land by member of Schedule Caste.

(c) Rights of an Adivasis for ejectment under Section 209.

5. (अ) सेटलमेंट अधिकारी द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए। 15

(ब) उ.प्र.ज.अ. के तहत राज्य के अधिकारियों के कर्त्तव्य और अधिकार बताइए। 15

(a) Discuss procedure which is adopted by settlement officers.

(b) State powers and duties of officers under UPZA.

## खण्ड – ब / Group – B

6. (अ) अपूर्ण अपराधों को समझाइए और व्याख्या कीजिए। **20**

(ब) 'अ' 'ब' को 'स' की हत्या के लिए उकसाता है, हालाँकि 'ब' ऐसा करने में असफल रहता है। 'अ' के उत्तरदायित्व की व्याख्या कीजिए। **10**

(स) 'अ' एक खरगोश पर गोली चलाता है, किन्तु गोली 'ब' को लग जाती है और उसकी मृत्यु हो जाती है। 'अ' के उत्तरदायित्व की व्याख्या कीजिए। **10**

(a) Explain and illustrate inchoate crimes.

(b) "A" abets "B" to murder "C", however "B" fails in doing so. State the Liability of "A".

(c) "A" shoots at a Rabbit, but the bullet hits "B" and causes his death. State Liability of "A".

7. (अ) भा.दं.सं. की धारा 34 में दिए गए संयुक्त उत्तरदायित्व को समझाइए। **10**

(ब) भा.दं.सं. की धारा 34 और 149 में क्या भिन्नताएँ हैं ? **10**

(स) धारा 34 साक्ष्य का नियम मात्र है और किसी सारवान विधि की उत्पत्ति नहीं करती है। समझाइए। **10**

(a) Explain Joint Liability as provided under Sec. 34 of IPC.

(b) What is the difference between Sec. 34 and Sec. 149 of IPC ?

(c) Sec. 34 is only a Rule of Evidence and does not create a substantive offence. Explain.

8. (अ) 'अ' गुस्से में अपनी पत्नी के ऊपर केरोसिन डालकर जलती माचिस की तीली लगा देता है। पत्नी को आग में झुलसने से चोटें होती हैं और अंत में उसकी मृत्यु हो जाती है। 'अ' का क्या उत्तरदायित्व है ? विधि के उपयुक्त प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। **15**

(ब) एक गाँव के समीप बस दुर्घटना में, इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के कीमती सामान को गाँव वाले उठा कर ले जाते हैं, गाँव वालों का क्या उत्तरदायित्व है ? **15**

(a) "A" in fit of Rage pours kerosene oil on his wife and also lit a match stick. The wife sustains burn injuries and ultimately died. What is the liability of "A" ? Discuss appropriate provision of Law.

(b) In a bus accident near a village, the villagers take away the valuables of the victims who died in the accident. What is the liability of villagers ?

9. निम्नलिखित को समझाइए :

(अ) एसिड अटैक 10

(ब) मानव तस्करी 10

(स) झूठे साक्ष्य के लिए दण्ड 10

Explain the following :

(a) Acid Attack

(b) Trafficking in Humans

(c) Punishment for False Evidence

10. समझाइए :

(अ) लूट में चोरी या उद्दापन शामिल होता है । 10

(ब) तैयारी और प्रयास के मध्य बहुत सूक्ष्म भिन्नता है । 10

(स) सभी हत्याओं में आपराधिक मानववध शामिल होता है । 10

Explain :

(a) In a Robbery there is either Theft or Extortion.

(b) Very thin line differentiates between preparation and attempt.

(c) In all murders Culpable Homicide exists.

Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination – 2016

No. of Printed Pages : 4

**CJJ- 03**

**2016**

# विधि – I (मुख्य विधि)

# LAW – I (Substantive Law)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* | *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* | *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या 1 एवं 2 करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करने हैं । कुल **छः** प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाए ।*

**Note :** *Candidates should attempt question Nos. **1** and **2** as compulsory and not more than **four** of the remaining ones. Total **six** questions are to be attempted. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

1\. (अ) एक अवयस्क के संविदात्मक क्षमता के सम्बन्ध में मोहरी बीबी बनाम धरमोदास घोष में स्थापित विधि के सिद्धान्त को मथाई मथाई बनाम मैरी जोसेफ AIR 2014 SC 2277 के अद्यतन वाद में आंशिक रूप से उपांतरित कर दिया गया है । क्या आप इससे सहमत हैं ? स्पष्ट कीजिए । 15

(ब) प्रभार को परिभाषित कीजिए । प्रभार के आवश्यक तत्त्व को स्पष्ट कीजिए । एक प्रभार एवं बन्धक में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 15

(स) संयुक्त उपेक्षा को परिभाषित कीजिए । संयुक्त उपेक्षा एवं अंशदायी उपेक्षा में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 10

(a) The principle of law as to contractual competency of a minor established in Mohari Bibee Vs. Dharmodas Ghose has been partially modified in a recent case Mathai Mathai Vs. Mary Joseph AIR 2014 SC 2277. Do you agree with this ? Explain.

(b) Define charge. Explain the essential ingredients of a charge. Point out difference between a charge and a mortgage.

(c) Define composite negligence. Distinguish it with contributory negligence.

2\. (अ) उप–भागिता से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे और कब उत्पन्न होती है ? एक उपभागीदार के अधिकार को स्पष्ट कीजिए । 15

(ब) "एक उपनिधान संविदा से उत्पन्न होता है । यह संविदा से स्वतंत्र उत्पन्न नहीं होता है ।"
इस कथन को न्यायिक निर्णयों के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए । 15

(स) संचयन के विरुद्ध नियम क्या है ? इसके नियम के अपवादों को समझाइए । 10

(a) What is sub-partnership ? How and when it arises ? Explain the rights of a sub-partner.

(b) "A bailment arises by contract. It cannot arise independent of contract."
Explain this statement with reference to judicial decisions.

(c) What is rule against accumulation ? State exceptions of this rule.

3. (अ) "भागिता विधि, अभिकरण विधि का विस्तार है ।"
इस कथन को कानूनी उपबंधों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए । 10

(ब) हिन्दू विधि के अधीन विवाह की प्रकृति को समझाइए । हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 ने इसको कहाँ तक प्रभावित किया है ? 10

(स) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत पति के दाम्पत्य अधिकार का प्रत्यास्थापन आत्यान्तिक अधिकार नहीं है । स्पष्ट कीजिए । 10

(a) "Law of partnership is an extension of law of agency."
Referring to statutory provisions, explain it.

(b) Explain the nature of Marriage under Hindu law. How far it has been affected by the Hindu Marriage Act, 1955 ?

(c) Restitution of conjugal rights of husband is not an absolute right under Muslim Law. Discuss.

4. (अ) आवश्यकता के सुखाचार से आप क्या समझते हैं ? आवश्यकता के सुखाचार एवं सुखाचार के सदृश सुखाचार (कल्प सुखाचार) में अन्तर कीजिए । 10

(ब) 'प्रपीड़न' एवं 'असम्यक् असर' में अन्तर कीजिए । 10

(स) 'सम्पत्ति अन्तरण' को परिभाषित कीजिए । कौन सी सम्पत्ति का अन्तरण किया जा सकता है ? क्या मध्यवर्ती लाभ को वसूलने के अधिकार का अन्तरण किया जा सकेगा ? स्पष्ट कीजिए । 10

(a) What do you mean by easement of necessity ? Point out difference between easement of necessity and quasi-easement.

(b) Distinguish between 'Coercion' and 'Undue influence'.

(c) Define 'transfer of property'. Which property can be transferred ? Can the right of recovery of mesne profit be transferred ? Explain.

5. (अ) एक गायिका 'क' एक नाट्य गृह के प्रबन्धक 'ख' से अगले दो मास के दौरान में प्रति सप्ताह में दो रात उसके नाट्य गृह में गाने की संविदा करती है और 'ख' उसे हर रात के गाने के लिए 100 रुपए देने का वचनबद्ध करता है । छठी रात को 'क' नाट्य गृह से जानबूझकर अनुपस्थित रहती है ।
क्या 'ख' संविदा का अन्त कर सकता है ? सांविधिक उपबन्धों का उल्लेख करते हुए निर्णय कीजिए । 10

(ब) मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 तलाकशुदा मुस्लिम महिला के अधिकारों का संरक्षण करता है । क्या यह अधिनियम एक मुस्लिम महिला को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अधीन भरण-पोषण पाने के अधिकार से प्रतिबन्धित करता है ? निर्णीत वादों का हवाला देते हुए स्पष्ट कीजिए । 10

(स) संयुक्त दुष्कृति-कर्ता से सम्बन्धित विधि को समझाइए । क्या एक संयुक्त दुष्कृति-कर्ता अन्य संयुक्त दुष्कृति-कर्ताओं/कर्ता से अंशदान प्राप्त कर सकता है ? निर्णीत वादों का सन्दर्भ देते हुए स्पष्ट कीजिए एवं इस विषय पर भारतीय विधि एवं आंग्ल विधि में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 10

(a) 'A', a singer enters into a contract with 'B' the manager of a theatre, to sing at his theatre, two nights in every week during the next two months, and 'B' engages to pay her 100 rupees for each night's performance. On the sixth night 'A' willfully absents herself from the theatre.

Can 'B' put an end to the contract ? Decide giving statutory provisions.

(b) Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act, 1986 protects the rights of Muslim Women who have been divorced. Does this Act debars a Muslim Women to seek maintenance under Section 125 of the Cr. P. C ? Explain referring to decided cases.

(c) Explain the law relating to the Joint tort-feasors. Whether a joint tort-feasor can claim contribution from other joint tort-feasors ? Refer to decided cases and distinguish between English law and Indian Law on this point.

6. (अ) डोनोघ बनाम स्टीवेन्शन के मामले में स्थापित विधि सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए एवं वर्तमान परिदृश्य में इसकी प्रयोज्यता को समझाइए । **10**

(ब) क्या एक अजन्मे व्यक्ति के पक्ष में अन्तरण किया जा सकता है ? सांविधिक उपबंधों एवं निर्णीत वादों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए । **10**

(स) सहदायिकी को परिभाषित कीजिए । इसके प्रमुख संघटकों का उल्लेख कीजिए । **10**

(a) Discuss the principle of law laid down in Donoghue Vs. Stevension and state the applicability of this principle in present scenario.

(b) Can a transfer be made in favour of an unborn person ? Explain referring to statutory provisions and decided cases.

(c) Define 'Coparcenary'. Discuss its notable ingredients.

7. (अ) "भागीदारी का सम्बन्ध प्रास्थिति से उत्पन्न नहीं होता है ।" इस कथन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । निर्णीत वादों का सन्दर्भ दीजिए । **10**

(ब) एक व्यक्ति जिसे उसकी अचल सम्पत्ति के कब्जे से वंचित कर दिया गया है, उस संपत्ति पर वाद द्वारा किस प्रकार पुनः कब्जा प्राप्त कर सकता है ? स्पष्ट कीजिए । **10**

(स) "एक दत्तक अपत्य किसी व्यक्ति को उस सम्पदा से निर्हित नहीं करेगा जो उस व्यक्ति में दत्तक के पूर्व निहित हो गई हो ।"

इस "सम्बन्ध को पूर्व से स्थापित होने (रिलेशन बैक थ्योरी) के सिद्धान्त" के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए । निर्णीत वादों का हवाला दीजिए । **10**

(a) "Relation of partnership does not arise by status." Explain it with examples. Refer to decided cases.

(b) How a person who has been deprived of possession of his immovable property, can recover his possession by suit ? Explain.

(c) "The adopted child shall not divest any person of any estate which vested in him before the adoption. "
Explain it in relation to "relation back theory". Refer to decided cases.

8. (अ) खुला को स्पष्ट कीजिए। यह मुबारत (Mubara'at) से कैसे भिन्न होता है ? 10

(ब) उन व्यक्तियों का वर्णन कीजिए जो संविदा के विनिर्दिष्ट अनुपालन के लिए हकदार होते हैं। 10

(स) सुखाधिकार एवं अनुज्ञप्ति में अन्तर कीजिए। 10

(a) Explain 'Khula'. How does it differ from Mubara'at ?

(b) Describe the persons who are entitled for specific performance of contract.

(c) Distinguish between easement and licence.

9. (अ) एक लाउन्ड्री रसीद में इस शर्त का उल्लेख था कि सामान के खोने पर ग्राहक सामान के मूल्य या उसके बाजार के कीमत का केवल 15% दावा का हकदार होगा। वादी की नयी साड़ी खो गयी। लाउन्ड्री मालिक की आबद्धता को निर्णीत कीजिए। 10

(ब) "तत्सदृश (Cy-press) का सिद्धान्त एक अविधिमान्य वक्फ को विधिमान्य नहीं बना सकता है परन्तु एक वक्फ को अनिश्चितता के कारण शून्य होने से बचाता है।" 10

इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(स) निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए : 10

(i) जहाँ अधिकार है, वहाँ उपचार भी है।

(ii) कार्रवाई का व्यक्तिगत अधिकार व्यक्ति की मृत्यु के साथ समाप्त हो जाता है।

(a) A laundry receipt contained a condition that the customer would be entitled to claim only 15% of the market price or value of the article in case of loss. The plantiff's new sari was lost.

Decide the liability of the laundry owner.

(b) "The doctrine of Cy-press cannot validate an invalid Wakf but it saves Wakf becoming void for uncertainty." Explain this statement with example.

(c) Explain the followings :

(i) Ubi jus ibi remedium

(ii) Actio personalis non aritur actio.

10. (अ) आन्वयिक न्यास से आप क्या समझते हैं ? यह किन परिस्थितियों में सृजित होता है ? कानूनी उपबन्धों को देते हुए स्पष्ट कीजिए। 10

(ब) हिन्दू अप्राप्तवय के शरीर एवं सम्पत्ति के नैसर्गिक संरक्षक का उल्लेख कीजिए। वसीयती संरक्षक की नियुक्ति कौन करता है ? 10

(स) निर्वसीयत मरने वाले हिन्दू पुरुष की सम्पत्ति के न्यागमन के उपबन्धों को स्पष्ट कीजिए। 10

(a) What do you understand by constructive trust ? Under what circumstances such trust is created ? Explain by referring to statutory provisions.

(b) Point out the natural guardian of Hindu minor in respect of his life and property. Who appoints testamentary guardians.

(c) Explain the provisions as to devolution of property of a male Hindu dying intestate.

Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination - 2016

No. of Printed Pages : 8

**CJJ- 04**

**2016**

# विधि – II (प्रक्रिया एवं साक्ष्य)

# LAW – II (Evidence and Procedure)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours ]* *[ Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या 1 करना अनिवार्य है तथा अन्य* ***चार*** *प्रश्न करने हैं । प्रत्येक खण्ड से* ***एक*** *प्रश्न करना अनिवार्य है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । हालाँकि सभी प्रश्नों के समान अंक हैं ।* ***एक*** *प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should attempt Question No.* ***1*** *as compulsory and* ***four*** *more. At least* ***one*** *question must be attempted from each section. In all* ***five*** *questions are to be answered. Marks carried by each question have been indicated against the question. However, all questions carry equal marks. The parts of same question must be answered together.*

1. महाचन्द की पत्नी दयावती गतिमान सर्कस की मालिक थी । सूर्यवीर, गतिमान सर्कस के प्रबन्धक के रूप में विभिन्न स्थानों पर सर्कस के संचालन व प्रबन्धन का कार्य देखता था । दिनांक 15-01-2014 को हरिद्वार में दर्शकों के लिए गतिमान सर्कस लगाया गया । अभयकान्त हरिद्वार में पंसारी की दुकान चलाता था । साथ ही वह लोगों को पंजीकृत रूप से उधार पर धन देने का व्यवसाय भी करता था । सर्कस के चलने की अवधि में सूर्यवीर, नित्य प्रतिदिन की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति हेतु अभयकान्त की दुकान से आवश्यक खरीददारी किया करता था । उसी अवधि में सूर्यवीर ने अभयकान्त से एक वचन-पत्र पर रु. दस हजार की धनराशि उधार ली तथा सर्कस के कुछ उपकरण गिरवी के रूप में अभयकान्त के कब्जे में रख दिए । दिनांक 19-03-2014 को प्रबन्धन ने गतिमान सर्कस को ऋषिकेश स्थानान्तरित करने की योजना बनायी । सूर्यवीर ने अभयकान्त से सम्पर्क कर यह अनुरोध किया कि वह गिरवी के रूप में रखे सर्कस के उपकरण उसे वापस कर दे तथा सूर्यवीर ने अभयकान्त को यह वचन भी दिया कि वह ऋषिकेश से उसे उधार की धनराशि (ब्याज सहित) का भुगतान भेज देगा । अभयकान्त इस बात से सहमत नहीं हुआ । उसने कहा कि जब तक उसे भुगतान मिल नहीं जाता वह सर्कस के उपकरण वापस नहीं करेगा । उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत महाचन्द ने, जो देहरादून में एक विक्रय व्यवसायी था, अभयकान्त को एक पत्र लिखा कि वह समस्त धनराशि के भुगतान की जमानती लेता है । फिर भी अभयकांत ने सर्कस के उपकरण वापस नहीं किए । ऋषिकेश से किश्तों में भुगतान किए जाने के पश्चात दिनांक 25-05-2014 को अभयकान्त को सम्पूर्ण

धनराशि का भुगतान कर दिया गया। तत्पश्चात दिनांक 27-05-2014 को महाचन्द ने अभयकान्त को सम्पर्क करके उससे कहा कि चूँकि उसने समस्त देय धनराशि का भुगतान कर दिया है अत: वह लेखा का निर्धारण कर दे तथा सर्कस के उपकरण वापस कर दे। लेकिन अभयकान्त ने उपकरण वापस नहीं किए एवम् अतिरिक्त धनराशि की माँग करने लगा। जिसके, कारण दोनों पक्षों के मध्य सम्बन्ध तनावपूर्ण रहने लगे। महाचन्द को प्रपीड़ित करने के उद्देश्य से अभयकान्त ने 17-06-2014 को मजिस्ट्रेट न्यायालय हरिद्वार में महाचन्द के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 के अन्तर्गत धोखाधड़ी के प्रकरण का परिवाद दायर कर दिया। उक्त परिवाद के फलस्वरूप महाचन्द को दिनांक 28-06-2014 को गिरफ्तार कर लिया गया तथा दिनांक 16-07-2014 को उसे जमानत पर छोड़ दिया गया। उक्त आपराधिक प्रकरण की सुनवाई दो वर्ष से अधिक अवधि तक चली। अन्ततः दिनांक 08-02-2017 को न्यायालय द्वारा महाचन्द को दोषमुक्त कर दिया गया।

उपरोक्त प्रकरण के दृष्टिगत विद्वेषपूर्ण अभियोजन हेतु क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए एक वादपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए। 30

उपर्युक्त वादपत्र के उत्तर में प्रतिवादी की ओर से लिखित कथन का प्रारूप भी लिखिए। 10

**अथवा**

दिनांक 20-01-2015 को एक करार के आधार पर वादी रामानन्द को मेसर्स एवन कम्प्यूटर्स प्रा.लि. नैनीताल में प्रबन्धक के पद पर नियुक्त किया गया। सेवा शर्तें तथा वेतन भुगतान करार में वर्णित शर्तों के अधीन थी। रामानन्द की उक्त नियुक्ति रु. पचीस हजार प्रति माह वेतन पर नियुक्ति की तिथि से पाँच वर्ष की अवधि के लिए की गयी। वादी का आरोप है कि प्रतिवादी कम्पनी ने दिनांक 15-03-2017 को बिना किसी पर्याप्त कारण के उसे प्रबन्धक के पद से बर्खास्त कर दिया। वादी का कथन है कि वह करार की सेवा शर्तों का अनुपालन करता हुआ अपने पद के दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक कर रहा था। प्रतिवादी कम्पनी भी वादी के कार्य सम्पादन से सन्तुष्ट थी क्योंकि वादी के अनुसार उसके कर्त्तव्यों के विरुद्ध कम्पनी द्वारा कभी कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गयी। अचानक 15-03-2017 को रामानन्द को प्रतिवादी कम्पनी द्वारा सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। वादी ने प्रतिवादी के समक्ष उसको सेवा से विधि विरुद्ध बर्खास्तगी के लिए दिनांक 24-03-2017 को एक प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया। वादी का यह भी कथन है कि उसे सेवा से बर्खास्त करते समय प्रतिवादी कम्पनी द्वारा उसे माह जनवरी तथा फरवरी, 2017 की अवधि के वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया। विधि विरुद्ध बर्खास्तगी के फलस्वरूप वादी को मानसिक तथा आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिवादी के अनुसार कम्पनी ने वादी रामानन्द को करार की शर्तों के आधार पर नियुक्ति देने से इन्कार नहीं किया। प्रतिवादी का कथन है कि वादी रामानन्द सेवा के दौरान अपने कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाह रहा। वह आदतन कम्पनी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की अवज्ञा करता था जिससे कम्पनी का कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता था। प्रतिवादी का कहना है कि वादी रामानन्द दिनांक 26-12-2016 से दिनांक 31-12-2016 तक बिना किसी अवकाश अथवा सूचना के अपने कार्य से अनुपस्थित रहा। प्रतिवादी द्वारा अनुपस्थिति का कारण पूछे जाने पर वादी ने कोई सन्तोषप्रद उत्तर नहीं दिया। दिनांक 17-02-2017 को कम्पनी ने यह पाया कि वादी ने कम्पनी कार्यों के लिए आबंटित धन में से रु. पैंतीस हजार की धनराशि का दुर्विनियोजन कर लिया तथा उक्त धन की कूटरचित प्रविष्टियाँ अभिलेखों में दर्ज कर दीं। वादी का उक्त कृत्य एक गम्भीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। चूँकि वादी, कम्पनी के

हितों के प्रतिकूल कार्य कर रहा था अत: उसे दिनांक 15-03-2017 को कम्पनी की सेवा से बर्खास्त कर दिया गया । वादी रामानन्द का कथन है कि उसका बर्खास्तगी आदेश दिनांक 15-03-2017 प्रतिवादी द्वारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के सर्वथा उल्लंघन में जारी किया गया है अत: न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने योग्य है । वादी ने प्रतिवादी से विशिष्ट एवम् सामान्य क्षतिपूर्ति के रूप में रु. दो लाख की धनराशि भी प्राप्त करने का दावा किया है ।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण बनाकर विवाद्यक बिन्दु बनाइए तथा विधिक उपबन्धों और निर्णयज विधि की सहायता से निर्णय लिखिए । **40**

Mahachand's wife Dayawati was the owner of Gatimaan circus. Suryaveer used to lookafter the display and management of the circus at different places as its manager. On 15-01-2014 Gatimaan circus was brought to Haridwar for public display. Abhaykant was running a grocery shop at Haridwar. Simultaneously as a registered moneylender he also gave money on loan to the people. During the period of running of the circus Suryaveer used to purchase day-to-day necessaries from the shop of Abhaykant. During the same period on a promissory note Suryaveer took a loan amount of ₹ ten thousand from Abhaykant and put some equipments of circus as a pledge in possession of Abhaykant.

On 19-03-2014 the circus management planned to shift the circus to Rishikesh. Suryaveer contacted Abhaykant and requested him to release the circus equipments from pledge and give them back to him. Suryaveer also promised to Abhaykant that from Rishikesh he will send the payment of loan amount with interest. Abhaykant did not agree to it. He said that he will not return the circus equipments until he receives the payment of loan amount. Looking to the circumstances Mahachand, who was a sales business man at Dehradun wrote a letter to Abhaykant that he gives his surety to make the payment of entire amount. But still Abhaykant did not return the circus equipments. *After making payment in instalments from Rishikesh finally* on 25-05-2014 payment of entire money was made to Abhaykant. Thereafter, on 27-05-2014 Mahachand contacted Abhaykant and told him that since he has paid the entire due amount so he should settle the accounts and return the circus equipments to him. But Abhaykant did not return the circus equipments and started claiming more money. Due to this both the parties developed strained relations. With a view to harass Mahachand, Abhaykant on 17-06-2014 filed a complaint before Magistrate Court at Haridwar against Mahachand for cheating under Section 420 of Indian Penal Code. Due to that complaint Mahachand was arrested on 28-06-2014 and was released on bail on 16-07-2014. The hearing of the criminal case was held for a period of more than two years. Ultimately on 08-02-2017 the court acquitted Mahachand from the charges.

Looking to the matter as above mentioned prepare a draft of plaint for claiming compensation for malicious prosecution.

In reply to the above plaint also prepare a draft of the written statement for the defendant.

**OR**

On 20-01-2015 on the basis of an agreement plaintiff Ramanand was appointed on the post of manager in M/s. Avon Computers Pvt. Ltd. at Nainital. Conditions of service and payment of salary were subject to the terms and conditions in the agreement. Aforesaid appointment of Ramanand was on salary of ₹ twenty-five thousand per month for a term of five years from the date of appointment. Plaintiff has alleged that the defendant company dismissed him from the post of manager on 15-03-2017 without any sufficient reasons. Plaintiff states that he sincerely performed his duties by following the conditions of service in the agreement. Defendant company was also satisfied with his work performance because according to plaintiff the company never gave any adverse comments against his duties. All of a sudden on 15-03-2017 company dismissed Ramanand from the service. Plaintiff submitted his representation on 24-03-2017 before the defendant against his wrongful dismissal from service. Plaintiff also states that while dismissing him from service the defendant company has not paid him salary for the month of January and February 2017. Due to wrongful dismissal the plaintiff has to suffer mental and financial damage. According to the defendant the company has not denied giving appointment to plaintiff Ramanand as per the conditions of the agreement. Defendant states that during the service plaintiff Ramanand was careless towards his duties. He was in the habit of disobeying the instructions of company due to which company's work was adversely affected. Defendant states that from 26-12-2016 to 31-12-2016 plaintiff Ramanand without any leave or notice remained absent from duty. On being asked the reasons for absence by the defendant, plaintiff did not give any satisfactory reply. On 17-02-2017 company found that from the funds allocated for company's work plaintiff misappropriated an amount of ₹ Thirty Five Thousand and for that money he made forged entries into the records. This act of plaintiff amounts to be a gross misconduct. Since plaintiff was working against the interests of company, therefore, he was dismissed from the service of company on 15-03-2017. Plaintiff Ramanand states that his dismissal order dated 15-03-2017 has been issued by the defendant in complete violation of the principles of natural justice, so it is liable to be cancelled by the court. In the form of specific and ordinary damages plaintiff has claimed a compensation of ₹ two lakhs from the defendant.

On the basis of above facts prepare a case, frame the issues and decide the case by supporting legal provisions and case laws.

## खण्ड – अ

## Group – A

2. (अ) किसी विधि द्वारा विहित धन–सम्बन्धी या अन्य परिसीमाओं के अधीन रहते हुए, वे वाद जो स्थावर सम्पत्ति के विभाजन के लिए हैं, उस न्यायालय में संस्थित किए जाएँगे, जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वह सम्पत्ति स्थित है । विस्तारित कीजिए । **10**

(ब) जहाँ कोई वाद दो या अधिक न्यायालयों में से किसी एक में संस्थित किया जा सकता है, वाद के किसी एक न्यायालय में संस्थित हो जाने के पश्चात अन्य न्यायालय में वाद को अन्तरित किए जाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **10**

(स) वाद के संस्थित हो जाने के उपरान्त प्रतिवादी व साक्षियों को समन किए जाने की विहित प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । दस्तावेजों व अन्य भौतिक पदार्थों के प्रकटीकरण की विधि क्या है ? उक्त के व्यतिक्रम के लिए शास्ति का वर्णन कीजिए । **20**

(a) Subject to the pecuniary or other limitations prescribed by any law, the suits which are for the partition of immovable property shall be instituted in the court within the local limits of whose jurisdiction the property is situate. Elaborate.

(b) When a suit can be instituted before any one of the two or more courts, and afterwards the suit is instituted in any court, then describe the procedure for transferring the suit to the other court.

(c) After institution of the suit, discuss the prescribed procedure for summoning the defendant and witnesses. What is the law for discovery of documents and other physical objects ? Describe the penalty for default as above.

3. (अ) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन वर्णित अनुपूरक कार्यवाहियों का वर्णन कीजिये । इस कार्यवाही के गुणदोष भी बताइये । **20**

(ब) लिखित कथन तैयार किए जाते समय मुजरा की विशिष्टियाँ दी जाएँगी । मुजरा के प्रभाव की स्थिति स्पष्ट कीजिए । **10**

(स) 'ख' पर विनिमय–पत्र के आधार पर 'क' वाद लाता है । 'ख' अभिकथन करता है कि 'क' ने 'ख' के माल का बीमा कराने में सदोष उपेक्षा की है और 'क' उसे प्रतिकर देने के लिए दायी है, जिसकी मुजराई का दावा 'ख' करता है । निर्णय दीजिए । **10**

(a) Explain the supplemental proceedings as has been mentioned under Code of Civil Procedure, 1908. Mention it's merits and demerits too.

(b) Particulars of set-off should be given while preparing written statement. Explain the effect of set-off.

(c) 'A' sues 'B' on a bill of exchange. 'B' alleges that 'A' has wrongfully neglected to insure 'B's goods and is liable to pay compensation to him, which he claims to set-off. Decide.

4. (अ) सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत उपबन्धित विवाद्यकों की विरचना सम्बन्धी प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। 20

(ब) प्रापक की नियुक्ति से सम्बन्धित विधि का वर्णन कीजिये। उसके अधिकार व कर्तव्यों का उल्लेख कीजिए। 20

(a) Discuss in detail the procedure relating to framing of issues as provided under Civil Procedure Code.

(b) Explain the law relating to appointment of receivers. Mention the rights and duties of the receiver.

5. (अ) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन उपबन्धित न्यायालय की पुनरीक्षण की शक्ति की प्रक्रिया, विस्तार व सीमाओं का वर्णन कीजिये। पुनर्विलोकन व पुनरीक्षण में अन्तर भी कीजिये। 20

(ब) सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत अपीलीय न्यायालय की शक्तियों का वर्णन कीजिए। 10

(स) सर्वोच्च न्यायालय की मामलों को अन्तरण की शक्ति का वर्णन कीजिए। 10

(a) Explain the procedure, extent and limitations of the power of revision of the court which has been provided under Code of Civil Procedure, 1908. Differentiate between the review and revision too.

(b) Discuss the powers of Appellate Court as given under Civil Procedure Code.

(c) Discuss the power of Supreme Court to transfer suits etc.

## खण्ड – ब

## Group – B

6. (अ) सह-अभियुक्त कौन है ? सह-अभियुक्त द्वारा दिए गए साक्ष्य की सुसंगतता तथा ग्राह्यता सम्बन्धी साक्ष्य विधि का वर्णन कीजिए। 10

(ब) सत्र न्यायालय के समक्ष 'अ' के विरुद्ध 'ब' के समक्ष जो कि एक मजिस्ट्रेट है, मिथ्या साक्ष्य देने का अभियोग चलाया गया। क्या 'ब' से पूछा जा सकता है कि 'अ' ने उससे क्या कहा था ? विचार कीजिए। 10

(स) क्या एक पुलिस अधिकारी को यह बताने के लिए विवश किया जा सकता है कि किसी अपराध के घटित होने की सूचना उसे कैसे प्राप्त हुई ? विचार कीजिए व निर्णीत कीजिये। 10

(द) एक मामले में न्यायालय के समक्ष किसी तथ्य को सिद्ध करने के लिए कम से कम कितने साक्षियों की आवश्यकता होनी चाहिए ? विधि का वर्णन कीजिए। 10

(a) Who is an accomplice ? Discuss the relevancy and admissibility of the evidence given by an accomplice as provided under law of evidence.

(b) 'A' is accused before the Court of Session of having given false evidence before 'B', a Magistrate. Can 'B' be asked as to what 'A' said to him ? Consider.

(c) Can a police officer be compelled to say whence he got the information as to commission of an offence ? Consider and decide.

(d) At least how many witnesses would be required to proof a fact in any case before the court ? Discuss the law.

7. (अ) विबन्ध से आप क्या समझते हैं ? विबन्ध सम्बन्धी साक्ष्य विधि का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए तथा इसके अपवाद भी बताइये । **20**

(ब) किसी बच्चे की वैधता का निश्चयात्मक साक्ष्य क्या है ? सम्बन्धित विधि का वर्णन कीजिए । **10**

(स) दहेज मृत्यु के सन्दर्भ में साक्ष्य विधि की उपधारणा का वर्णन कीजिए । **10**

(a) What do you understand by estoppel ? Discuss in detail the law relating to evidence of estoppel and mention it's exceptions.

(b) What is the conclusive proof of legitimacy of a child ? Discuss related law.

(c) Discuss the presumption of evidence law with reference to dowry death.

8. (अ) प्रति–परीक्षा क्या है ? किसी साक्षी से प्रति–परीक्षा के समय विधिक रूप से कौन से प्रश्न पूछे जा सकेंगे ? स्पष्ट कीजिए । **20**

(ब) 'अ' अपराध कारित करने का अभियुक्त है । पुलिस के अन्वेषण में यह संज्ञान में आया कि 'अ' अपने घर पर नहीं है कहीं चला गया है । परीक्षण कीजिए । **10**

(स) 'अ' का 'स' की हत्या के लिए विचारण चल रहा है । ऐसे साक्ष्य उपलब्ध हैं कि 'स' की हत्या 'अ' तथा 'ब' ने की है तथा 'ब' ने ऐसा बयान दिया है कि 'अ' तथा मैंने 'स' की हत्या की । इस साक्ष्य की सुसंगतता का परीक्षण कीजिए । **10**

(a) What is cross-examination ? What questions are lawful during the cross-examination of a witness ? Explain.

(b) 'A' is accused of a crime. During the investigation it comes to the notice of the police that 'A' has gone somewhere from his house. Examine.

(c) 'A' is on his trial for the murder of 'C'. There is evidence to show that 'C' was murdered by 'A' and 'B', and that 'B' said "A and I murdered C". Examine the relevancy of this evidence.

9. (अ) संक्षिप्त विचारण क्या है ? किन अपराधों का संक्षिप्त विचारण किया जाएगा ? कौन सी न्यायालय संक्षिप्त विचारण कर सकेगी ? संक्षिप्त विचारण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **20**

(ब) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन अपराधों का संज्ञान लेने में परिसीमा की विधि का उल्लेख कीजिए। **10**

(स) सत्र न्यायालय द्वारा पारित मृत्यु दण्ड के आदेश के पुष्टिकरण सम्बन्धी विधि को स्पष्ट कीजिए। **10**

(a) What is summary trial ? Which offences would be tried summarily ? Which court is competent to conduct summary trial ? Discuss the summary trial procedure.

(b) Mention the law relating to limitations for cognizance of certain offences as has been provided under Code of Criminal Procedure, 1973.

(c) Explain the law in relation to confirmation of order of death sentence as passed by the Court of Session.

10. (अ) निर्णय को न्यायपालिका की भाषा में लिखा जाए। मृत्यु दण्ड दिए जाने की दशा में न्यायालय द्वारा निर्णय में विशेष कारणों का उल्लेख किया जाए। सुसंगत विधि की सहायता से स्पष्ट कीजिए। **20**

(ब) अभिवाक्-सौदेबाजी क्या है ? सुसंगत सांविधिक उपबन्धों की सहायता से वर्णन कीजिए। **10**

(स) दोषमुक्ति एवम् उन्मोचन में अन्तर स्थापित कीजिए। अपने उत्तर के समर्थन में सांविधिक उपबन्धों की सहायता भी लीजिए। **10**

(a) Judgement shall be written in the language of the court. In case death sentence is awarded special reasons should be given in the judgement. Explain with the help of relevant law.

(b) What is plea-bargaining ? Discuss with the help of relevant statutory provisions.

(c) Distinguish between acquittal and discharge. Support your answer with the help of statutory provisions.

---

Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination - 2016

No. of Printed Pages : 2

**CJJ-01**

**2016**

# वर्तमान परिदृश्य

# The Present Day

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 150*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 150*

**नोट :**
(i) अभ्यर्थी सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।
(iii) एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय।

**Note :**
(i) Candidates should attempt all the **five** questions.
(ii) **All** Questions carry equal marks.
(iii) The parts of same question must be answered together.

1. (क) रूढ़ि के आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिये। कब एक रूढ़ि विधि बनती है ? 15

(ख) 'कब्जा स्वामित्व का साक्ष्य है।' विवेचना कीजिये। 15

(a) Describe the essentials of custom. When does a custom becomes a law ?

(b) 'Possession is an evidence of ownership'. Discuss.

2. (क) तटस्थता की परिभाषा दीजिए। तटस्थ राज्यों के अधिकारों एवं कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिये। 15

(ख) मान्यता क्या है ? मान्यता के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिये। 15

(a) Define neutrality. Discuss the rights and duties of neutral states.

(b) What is recognition ? Describe the different modes of recognition.

3. (क) मूल कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिये एवं उनकी महत्ता की विवेचना कीजिये। क्या मूल कर्त्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय हैं ? वाद विधि का सन्दर्भ दीजिए। 15

(ख) भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा 30 नवम्बर, 2016 को श्याम नारायण चौक्सी बनाम भारत संघ के वाद में दिये गये निर्देशों को लिखिये। 15

(a) Discuss fundamental duties and describe their importance. Whether fundamental duties are enforceable by Court of Law ? Refer case law.

(b) Write the directions given by Supreme Court of India on 30 November, 2016 in Shyam Narayan Chouksey V. Union of India.

4. (क) आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडियों, लाभों और सेवाओं की लक्षित आपूर्ति) अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत अपराधों एवं दण्डों के प्रावधानों का वर्णन कीजिए। **15**

(ख) संविधान के 101वें संशोधन अधिनियम, 2016 पर एक आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिये। **15**

(a) Discuss the provisions regarding offences and penalties under the Aadhaar (Targetted Delivery of Financial and other subsidies, Benefits and Services) Act 2016.

(b) Write a critical note on 101st Constitution Amendment Act, 2016.

5. (क) भारत के संविधान के अनुच्छेद 323 क एवं 323 ख के अन्तर्गत स्थापित अधिकरणों एवं उनके कार्यों का वर्णन कीजिये। **15**

(ख) उच्चतम न्यायालय द्वारा गुजरात ऊर्जा विकास निगम बनाम एस्सार पॉवर लिमिटेड (2016) 9 एस सी सी 103 में दिये गये निर्णय पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिये। **15**

(a) Discuss the Tribunals as constituted under Article 323 A and 323 B of the constitution of India and their functioning.

(b) Write a detailed note on the decision given by Supreme court in Gujarat Urja Vikas Nigam V. Essar Power Ltd. (2016) 9 SCC 103.

---

Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination - 2016

No. of Printed Pages : 8

**CJJ-02**

**2016**

**भाषा**

**LANGUAGE**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

**नोट :** (i) अभ्यर्थी सभी **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

(iii) एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।

***Note :*** (i) Candidates should attempt all the **three** questions.

(ii) Marks carried by each question are indicated at its end.

(iii) The parts of same question must be answered together.

**भाग – I / Part – I**

1. Translate the following English passage into the ordinary language spoken in courts using Devnagri Script : **30**

Legal profession is a significant aspect of the administration of justice. Without a well organized profession of law, the courts would not be in a position to administer justice effectively. The facts of the case can not be put forth before the courts of law, evidence in favour or against the parties to a suit can not be properly adduced and legal arguments in support or against the parties can not come up properly before a court of law without the assistance of a lawyer.

In our country, in the pre-independence era and in the more than six decades following independence, the Bar participated actively in the activities of the nations mainstream. There were lawyers of outstanding ability, leadership and social commitment. They contributed a lot by making memorable sacrifices in the national

freedom movement. But in the present state of affairs, the legal profession has been rapid decline in the quality of Bar with gradual exit of the old legal luminaries. What is the state of the Bar today ? The atmosphere is full of frustration, suspicion, disorganization, dissatisfaction, cut-throat competition, etc. Thus, the legal profession is passing through a painful phase.

India is in process of planned development through Five Year Plans. We are passing from medieval to the modern industrial society. We have adopted the socialist pattern of society. Our government aims at a welfare state. Our problems are acute and more complicated as compared to the past. Therefore, the role and responsibilities of the lawyers have also taken a changed shape.

Lawyers should behave themselves in a manner befitting their status as an officer of the court. An advocate shall fearlessly uphold the interests of the client both in letter and in spirit.

There are three characteristics of the legal profession : group organization, learning and a spirit of public service. For lawyers, the most important truth about the law is that it is a profession and not a business. Therefore, the legal profession must ignore commercial standards of success. The legal profession helps the court to administer justice in its manifold aspects. But as an organized profession, it must necessarily do much more. The legal profession in a democracy has to be a watchdog of freedom and the rights of the citizens. The profession must uphold the constitution and the liberties enshrined in it. It should promote and safeguard the dignity and independence of judiciary. At the same time, it should also operate as a check on the judiciary against any compromise which is not in consonance with the highest standards of judicial integrity and its independence.

The legal profession in our country should function as a watchdog against the assaults of the modern state whenever it seeks to curtail the basic human rights, which is a threat to freedom, democracy and the rule of law.

In the matter of providing free legal aid to the poor, the legal profession has a clear responsibility, a responsibility which unfortunately has not been discharged with even at the minimum expectation of the society. Although lawyers do individually provide legal advice and assistance in deserving cases, there is an absence of countrywide organized efforts for free legal aid to the poor. The legal aid programme offers a historic and challenging social responsibility to the legal profession in India.

To conclude, we may say with firmness and certainty that there is a purposive social responsibility of the legal profession in a free and democratic society in which a lawyer has a function of public leadership. We must, however, understand that the legal profession can not function in vacuum or in isolation. Lawyers should come forward in the forefront of national life to establish rule of law without any discrimination whatsoever.

**भाग – II /Part – II**

2. निम्नलिखित हिन्दी गद्यांश का सामान्य अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए । **30**

Translate the following Hindi passage into ordinary English language :

न्यायिक सक्रियता का विभिन्न लोग विभिन्न अर्थ लगाते हैं । न्यायिक सक्रियता के बारे में विचार न केवल भिन्नता लिए हुए हैं अपितु लोगों के विचारों में व्यापक रूप से अन्तर्विरोध भी है । कुछ लोग इसे न्यायाधीशों की गतिशीलता, न्यायिक सृजनात्मकता का नाम देते हैं तो कुछ इसे न्यायपालिका द्वारा देश के कानूनों को लागू करने में दिखाई जाने वाली दृढ़ता के रूप में क्रान्ति का नाम देते हैं । कई अन्य लोग जो न्यायालयों द्वारा इस प्रकार शक्ति के प्रयोग को न्यायिक अतिवादिता के रूप में देखते हैं, तथा इसे न्यायालयों द्वारा न्यायिक शक्तियों का अवान्छित विस्तार मानते हैं, उनके द्वारा इसे न्यायपालिका द्वारा राज्य के अन्य अंगों की शक्तियों को हथियाना भी माना गया है ।

न्यायालय जनहित के अनेक ऐसे मामलों में, जो कार्यपालिका एवं विधान-मण्डल के क्षेत्र में हैं, हस्तक्षेप कर रहा है और सरकार तथा प्राधिकारियों को संविधान एवं अन्य कानूनों के अन्तर्गत उनके कर्त्तव्यों के पालन करने के लिये विवश कर रहा है । उच्चतम न्यायालय की इसी कार्यवाही को ''न्यायिक सक्रियता'' कहा जाता है । यह इसलिए संभव हुआ है, क्योंकि लोकहित वाद के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिक मूल अधिकारों के उल्लंघन के विरुद्ध तथा कानून द्वारा अधिरोपित कर्त्तव्यों के पालन कराने के लिए न्यायालय में याचिकाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं ।

उच्चतम न्यायालय ने अब यह अनुभव किया है कि एक लोक कल्याणकारी राज्य में उच्चतम न्यायालय इस नये अस्त्र का प्रयोग केवल निर्धन एवं असहाय नागरिकों के मूल अधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए ही नहीं करेगा वरन् पूरे समाज को अपराधविहीन एवं व्यवस्थित समाज में परिवर्तित करने में करेगा । आज सामान्य नागरिक के लिये लोकहितवाद के माध्यम से न्यायिक सक्रियता वरदान साबित हुई है ।

इस बिन्दु पर मतभेद है कि न्यायिक सक्रियता का स्वागत किया जाय या इसको रोका जाय । लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग यह सोचता है कि न्यायिक सक्रियता सही दिशा की ओर उठाया गया कदम है, जो कि राज्य की अन्य संस्थाओं की निष्क्रियता या अधिकारिता युक्त कृत्यों द्वारा जनित विपदाओं का निराकरण करता है । वस्तुतः सक्रियता के दृष्टिकोण से न्यायपालिका आमूल-चूल सुधार करने वाली शक्ति बन गई है जबकि विधायिका और कार्यपालिका विद्यमान जड़ता युक्त स्थिति को बनाये रखने के लिए जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं ।

हमारे जैसी जनतान्त्रिक व्यवस्था में केन्द्र में संसद को तथा राज्यों में विधान-मण्डलों को जन आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करना चाहिये, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो परिणामस्वरूप लोगों में जनतांत्रिक संस्थाओं के प्रति गहन असन्तोष उत्पन्न होगा और यही कारण है कि न्यायालय राज्य के अन्य अंगों को निद्रा से जगाने के लिए आगे आए हैं ।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जबकि राजनैतिक दल मृत प्राय हैं या छिन्न-भिन्न हो रहे हैं, न्यायपालिका को बहुत सावधानीपूर्वक कार्य करना होगा । विधायिका और कार्यपालिका का कमजोर पड़ना न्यायपालिका को महत्वाकांक्षी कदम उठाने को प्रेरित करता है किन्तु यह उसे भली-भांति पता होना चाहिए कि वह राज्य के उन दो अंगों का स्थान नहीं ले सकती । आदर्श स्थिति वही होगी जब राज्य के कृत्यों का संचालन करने वाला प्रत्येक अंग संविधान के अधीन उन्हें सौंपे गये कृत्यों का ही निर्वहन करे ।

हमारे संविधान में न्यायपालिका को यह अधिकार दिया गया है कि वह विधायिका एवं कार्यपालिका द्वारा उठाये गये उन कदमों को निष्क्रिय कर दे जिनके बारे में सावधानीपूर्वक जाँच करने एवं उनका निर्वचन करने के पश्चात् यह पाया जाय कि वे संविधान के उपबन्धों के विरुद्ध हैं । वे नागरिक सुविधाएँ जिन्हें उपलब्ध कराने का दायित्व प्राधिकारी या संस्थाओं का है, यदि उपलब्ध नहीं की जाती है, तो उनकी प्राप्ति का मार्ग न्यायालयों ने सुलभ करा दिया है ।

सर्वोच्च न्यायालय की न्यायिक सक्रियता से ही बिहार की जेलों में बंद कैदियों की स्थिति में सुधार आया, बम्बई की झुग्गी झोंपड़ी में रहने वालों की रक्षा की जा सकी, परीक्षणाधीन कैदियों को भी जेल में मूल अधिकार दिये गये, जिसके तहत उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता एवं शीघ्र परीक्षण प्राप्त करने का अधिकार मिला, नारी निकेतनों में महिलाओं के शोषण को रोका जा सका, बन्धुआ मजदूरों को मुक्ति दिलायी गई, 14 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक स्तर पर शिक्षा पाने का अधिकार दिया गया ।

इन उपरोक्त निर्णयों के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्देशों के माध्यम से न्यायिक सक्रियता को गतिशीलता प्रदान की है । यह न्यायालय की न्यायिक सक्रियता का ही परिणाम है कि उच्चतम न्यायालय ने संविधान के भाग-4 में वर्णित राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों को अपने संवैधानिक विनिश्चयों द्वारा धीरे-धीरे मूल अधिकारों का दर्जा प्रदान करने का प्रयास किया है तथा इसके माध्यम से नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को संक्षण प्रदान किया है ।

## भाग – III /Part – III

3. निम्न गद्यांश का संक्षिप्तीकरण अंग्रेजी में कीजिए। 40

Write a precis in English of the following passage :

The Indian Independence Act, 1947 legally partitioned British India only. As far as the Indian States (including Jammu and Kashmir State) were concerned, accession was governed by the Cabinet Mission Plan of 1946. Under this plan, the Indian States were given the option of entering into federal relationship or political relationship with the successor governments. Accession could be completed on the execution of an Instrument of Accession. The right was conferred by the Government of India Act, 1935, which was the provisional Constitution of India at the time of independence. After partition, the then Jammu and Kashmir State chose not to enter either the dominion of India or of Pakistan, concluding instead, standstill agreements with both the countries. But Pakistan, in violation of this agreement, imposed an economic blockade on the State. Moreover, it launched an aggression in Poonch which became an all out invasion by October 22, 1947. Two days later, when telegrams to the Premiers of Pakistan and the United Kingdom proved futile and the Ruler of Kashmir appealed to India for help on October 24, 1947, he executed an Instrument of Accession in favour of India, which was accepted by the Government of India on October 27, 1947.

The Government of India was under no legal obligation to hold a plebiscite. Yet it was the Indian Government itself, which consistent with its policy of basing political arrangements on popular will, expressed a wish in a separate letter (it being not a part of the Instrument of Accession) by the Governor-General of India to the Ruler of Kashmir to refer the question of accession to the people of Kashmir. However, M.A. Jinnah rejected this offer and made a counter offer of joint administration of the State. In law, whenever a counter-offer is made, the earlier offer stands revoked, and as the counter-offer itself was not accepted, it too lapsed. All subsequent offers made by India also lapsed as their pre-conditions were never satisfied by Pakistan.

In any case, the Kashmir Ruler's decision to accede to India was unanimously backed by the biggest and most representative political party in Kashmir – The All Jammu and Kashmir National Conference which, in 1950, recommended for the convening of a Constituent Assembly for the state. The elections to the Constituent Assembly reaffirmed popular approval of the State's Accession, as did the adoption of the State's Constitution in November, 1956. This Constitution itself, stated that the State is and shall be an integral part of India.

Reference is sometimes made to Paragraph II of Jan. 5, 1949 UNCIP Resolution which referred to the holding of a plebiscite. However, this paragraph itself made the plebiscite conditional upon Paragraph II of the August 13, 1949 Resolution and as Pakistan consistently committed breach of the same, India could not be compelled to hold a plebiscite under the 1949 Resolution.

Pakistan is guilty of aggression in Kashmir. This fact was exposed by the U.N. Commission itself as far back as 1948. What is required today is the negotiations with Pakistan not to determine the status of Kashmir but to free Indian territory from its forcible occupation.

## PART – 1
## GENERAL KNOWLEDGE

**1.** Which of the following Amendments of the Constitution is related with G.S.T. ?
(a) $97^{th}$ (b) $98^{th}$ (c) $100^{th}$ (d) $101^{st}$

**2.** In which one of the following cases, 'Preamble' was held to be part of the Constitution, hence amendable ?
(a) In Re Berubari (b) Keshvanand Bharti V. State of Kerala
(c) A.K. Gopalan V. State of Madras (d) None of the above

**3.** United Nations has observed year 2016 as
(a) International year for Women (b) International year for Polio
(c) International year for Human Rights (d) International year for Pulses

**4.** Which one of the following provisions of the Constitution deals with the ordinance making power of the President ?
(a) Article 123 (b) Article 124 (c) Article 125 (d) Article 126

**5.** Headquarters of International Court of Justice is situated at
(a) Paris (b) London (c) Hague (d) Washington

**6.** Which Article of the Constitution deals with definitions of various terms used in the Constitution ?
(a) Article 364 (b) Article 365 (c) Article 366 (d) Article 367

**7.** Power of Supreme Court to review its own judgement is provided under :
(a) Article 137 (b) Article 138 (c) Article 139 (d) Article 140

**8.** Members of Joint Public Service Commissions are appointed by :
(a) Governors of the concerned states (b) Prime Minister
(c) President of India (d) None of the above

**9.** Case of Kasturi Lal Ralia Ram Jain V. State of U.P., AIR 1965 SC 1039 is related to
(a) Sovereign functions of State (b) Exemption from taxation
(c) Power of Amendment (d) None of the above

**10.** Which one of the Chief Justices of India has acted as Acting President of India also ?
(a) Justice Subba Rao (b) Justice Hidaytullah
(c) Justice Khanna (d) None of the above

**11.** Reserve Bank of India has been constituted under the
(a) Constitution of India (b) Reserve Bank of India Act, 1930
(c) Reserve Bank of India Act, 1934 (d) None of the above

**12.** Who has been appointed as the Chairman of the $21^{st}$ Law Commission of India ?
(a) Justice A.P. Shah (b) Justice D.K. Jain (c) Justice B.S. Chauhan (d) Shri Satya Pal Jain

**13.** 'Uttaranchal' (now 'Uttarakhand') was created by
(a) Uttar Pradesh Reorganisation Act, 2000 (b) Uttar Pradesh Reorganisation Act, 2001
(c) Uttar Pradesh Reorganisation Act, 2002 (d) Uttar Pradesh Reorganisation Act, 2003

**14.** In which of the following cases the Supreme Court held that, "custodial death" is one of the worst crimes in a civilised society governed by the rule of law ?
(a) Ajit Singh V. State of Punjab (b) Maneka Gandhi V. Union of India
(c) Indira Sawhney V. Union of India (d) D. K. Basu V. State of West Bengal

**15.** Which of the following articles of the Indian Constitution provides that, the "State shall endeavour to secure for the citizens a uniform civil code throughout the territory of India" ?
(a) Article 42 (b) Article 43 (c) Article 44 (d) Article 45

**16.** "An Introduction to the Principles of Morals and Legislation" was authored by
(a) Jeremy Bentham (b) John Austin (c) Von Savigny (d) Roscoe Pound

**17.** The mandatory provision in relation to providing 'medical treatment by all hospitals to victims of specific crimes free of cost and immediately' is provided in which section of the Code of Criminal Procedure, 1973 ?
(a) Section 357 A (b) Section 357 B (c) Section 357 C (d) Section 357

## भाग – 1

## सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में से कौन सा संविधान संशोधन जी.एस.टी. से सम्बन्धित है ?
   (a) 97वाँ (b) 98वाँ (c) 100वाँ (d) 101वाँ
2. निम्नलिखित में से किस वाद में 'उद्देशिका' को संविधान का हिस्सा होने के कारण संशोधन–योग्य माना गया ?
   (a) इन रि बेरूबारी (b) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
   (c) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य (d) उपरोक्त में कोई नहीं
3. संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2016 को घोषित किया गया था :
   (a) महिलाओं के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष (b) पोलियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष
   (c) मानवाधिकारों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष (d) दलहनों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष
4. अधोलिखित में से संविधान का कौन सा उपबन्ध राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने का अधिकार देता है ?
   (a) अनुच्छेद 123 (b) अनुच्छेद 124 (c) अनुच्छेद 125 (d) अनुच्छेद 126
5. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय स्थित है :
   (a) पेरिस में (b) लन्दन में (c) हेग में (d) वाशिंगटन में
6. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में संविधान में प्रयुक्त विभिन्न शब्दों की परिभाषा दी गयी है ?
   (a) अनुच्छेद 364 (b) अनुच्छेद 365 (c) अनुच्छेद 366 (d) अनुच्छेद 367
7. उच्चतम न्यायालय द्वारा अपने निर्णय का पुनर्विलोकन करने का अधिकार उपबन्धित किया गया है :
   (a) अनुच्छेद 137 में (b) अनुच्छेद 138 में (c) अनुच्छेद 139 में (d) अनुच्छेद 140 में
8. संयुक्त लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की जाती है :
   (a) सम्बन्धित राज्यों के राज्यपाल के द्वारा (b) प्रधानमंत्री के द्वारा
   (c) भारत के राष्ट्रपति के द्वारा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
9. कस्तूरी लाल रलिया राम जैन बनाम उ.प्र. राज्य, AIR 1965 SC 1039, का वाद सम्बन्धित है
   (a) राज्य के सम्प्रभु कार्यों से (b) कराधान से छूट से
   (c) संशोधन की शक्ति से (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
10. भारत के किस मुख्य न्यायाधीश ने भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में भी कार्य किया है ?
   (a) न्यायमूर्ति सुब्बाराव (b) न्यायमूर्ति हिदायतुल्ला
   (c) न्यायमूर्ति खन्ना (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
11. भारतीय रिजर्व बैंक का गठन किया गया है :
   (a) भारतीय संविधान के अन्तर्गत (b) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया एक्ट, 1930 के अन्तर्गत
   (c) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया एक्ट, 1934 के अन्तर्गत (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
12. किसे 21वें भारतीय विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ?
   (a) न्यायमूर्ति ए.पी. शाह (b) न्यायमूर्ति डी.के. जैन (c) न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान (d) श्री सत्यपाल जैन
13. 'उत्तरांचल' (अब 'उत्तराखण्ड') का निर्माण हुआ है :
   (a) उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के द्वारा (b) उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2001 के द्वारा
   (c) उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2002 के द्वारा (d) उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2003 के द्वारा
14. निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि 'हिरासत में मृत्यु' विधि द्वारा शासित सभ्य समाज में सबसे खराब अपराध है ?
   (a) अजीतसिंह बनाम पंजाब राज्य (b) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ
   (c) इन्दिरा साहनी बनाम भारत संघ (d) डी.के. बासु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य
15. भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह प्रावधान है कि, "राज्य भारत के सम्पूर्ण क्षेत्र में नागरिकों के लिए एकसमान नागरिक संहिता के लिए प्रयास करेगा ।" ?
   (a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 43 (c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 45
16. "एन इन्ट्रोडक्सन टू दी प्रिंसिपल्स ऑफ मोरल्स एण्ड लेजिसलेशन" लिखी गयी थी :
   (a) जेरेमी बेन्थम द्वारा (b) जॉन ऑस्टिन द्वारा (c) वॉन सेविग्नी द्वारा (d) रॉस्को पाउण्ड द्वारा
17. 'सभी अस्पतालों द्वारा विशिष्ट अपराधों के पीड़ितों को निःशुल्क एवं अविलम्ब उपचार' प्रदान किये जाने का बाध्यकारी प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा में किया गया है ?
   (a) धारा 357 अ में (b) धारा 357 ब में (c) धारा 357 स में (d) धारा 357 में

**18.** In which one of the following cases it was held that 'right to shelter is a Fundamental Right' ?
(a) State of Punjab V. Raja Ram (1981) 2 SCC. 66
(b) Prabhakaran Nair V. State of Tamil Nadu (1987) 4 SCC 238
(c) Sukhdev V. Bhagatram AIR 1975 1331
(d) Umesh Chandra V. V.N. Singh AIR 1968 Patna 3

**19.** The Central Information Commission is constituted under which section of the Right to Information Act, 2005 ?
(a) Section 14 (b) Section 15 (c) Section 12 (d) Section 19

**20.** The term 'Grundnorm' was coined in his theory by
(a) Hans Kelsen (b) Herbert Spencer (c) Darwin (d) None of these

**21.** How many times has the Preamble of the Constitution of India been amended so far ?
(a) Twice (b) Thrice (c) Once (d) Never

**22.** Which of the following is not 'State' for the purpose of Article 12 of the Indian Constitution ?
(a) Indian Council of Agricultural Research (b) A Nationalised Bank
(c) Oil and Natural Gas Commission (d) Grih Kalyan Kendra

**23.** In which schedule of the Indian Constitution the recognised languages are listed ?
(a) Sixth Schedule (b) Seventh Schedule
(c) Eighth Schedule (d) Ninth Schedule

**24.** Which one of the following cases is related to 'Carry Forward Rule' ?
(a) Maneka Gandhi V. Union of India (b) Devdasan V. Union of India
(c) Pradeep Tandon V. State of U.P. (d) None of the above

**25.** 'Hicklin Test' under Article 19(2) of the Indian Constitution is related to
(a) Decency and morality (b) Defamation
(c) Integrity of India (d) None of the above

**26.** Prafulla Kumar V. Bank of Commerce, Khulna, is a leading case on
(a) Residuary Power (b) Pith and Substance Principle
(c) Repugnancy (d) Harmonious Construction

**27.** 'Universal Declaration of Human Rights' was adopted by the General Assembly of United Nations on
(a) 10th December, 1945 (b) 10th December, 1946
(c) 10th December, 1948 (d) 26th October, 1945

**28.** Which one of the following is not a 'Principal Organ' of the United Nations ?
(a) Trusteeship Council (b) Economic and Social Council
(c) International Court of Justice (d) Human Right Commission

**29.** In which of the following provisions of the Advocates Act, 1961, the Supreme Court has power to decide upon professional misconduct of an advocate ?
(a) Section 35 (b) Section 36 (c) Section 37 (d) Section 38

**30.** Who is a writer of a book 'De Jure Belli ac Pacis' ?
(a) Hugo Grotius (b) Nassabaum (c) Oppenheim (d) Vattel

**31.** Which one of the following jurists is the exponent of the Historical School ?
(a) Austin (b) Savigny (c) Roscoe Pound (d) Duguit

**32.** By which Amendment of the Constitution the words, 'Socialist' and 'Secular' were added in the Preamble ?
(a) 32nd (b) 22nd (c) 42nd (d) 52nd

**33.** Indian Constituent Assembly adopted "Jan Gan Man Adhinayak Jai He" as a National anthem on
(a) 24th January, 1950 (b) 26th January, 1950
(c) 27th December, 1911 (d) None of the above

**34.** Justice Jagdish Singh Khehar was sworn in as 44th Chief Justice of India by the President of India on
(a) January 4, 2017 (b) January 5, 2017
(c) January 6, 2017 (d) None of the above

18. निम्न में से किस वाद में निर्णीत किया गया है कि, "आश्रय का अधिकार एक मौलिक अधिकार है" ?
(a) पंजाब राज्य बनाम राजाराम (1981) 2 एस.सी.सी. 66
(b) प्रभाकरन नायर बनाम तमिलनाडु राज्य (1987) 4 एस.सी.सी. 238
(c) सुखदेव बनाम भगतराम ए.आई.आर. 1975 1331
(d) उमेश चन्द्र बनाम वी.एन. सिंह ए.आई.आर. 1968 पटना 3

19. केन्द्रीय सूचना आयोग का गठन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की किस धारा के अन्तर्गत हुआ है ?
(a) धारा 14 (b) धारा 15 (c) धारा 12 (d) धारा 19

20. 'ग्रुंडनॉर्म' का शब्द अपनी विचारधारा में प्रयुक्त किया गया है :
(a) हान्स केल्सन द्वारा (b) हर्बर्ट स्पेन्सर द्वारा
(c) डार्विन द्वारा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

21. भारत के संविधान की उद्देशिका में अब तक कितनी बार संशोधन किया जा चुका है ?
(a) दो बार (b) तीन बार (c) एक बार (d) कभी नहीं

22. निम्न में से कौन सा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 के उद्देश्य हेतु राज्य नहीं है ?
(a) इण्डियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (b) एक राष्ट्रीयकृत बैंक
(c) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (d) गृह कल्याण केन्द्र

23. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में मान्यता प्राप्त भाषायें सूचीबद्ध हैं ?
(a) छठी अनुसूची (b) सातवीं अनुसूची (c) आठवीं अनुसूची (d) नवीं अनुसूची

24. निम्नलिखित में से कौन सा वाद 'कैरी फॉरवर्ड रूल' (अग्रेनयन सिद्धान्त) से सम्बन्धित है ?
(a) मेनका गांधी बनाम भारत संघ में (b) देवदासन बनाम भारत संघ में
(c) प्रदीप टण्डन बनाम उ.प्र. राज्य में (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(2) के अन्तर्गत 'हिकलिन टेस्ट' सम्बन्धित है :
(a) शालीनता एवं नैतिकता से (b) मानहानि से
(c) भारत की अखंडता से (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. प्रफुल्ल कुमार बनाम बैंक ऑफ कॉमर्स, खुल्ना एक अग्रनिर्णय है :
(a) अवशिष्ट शक्ति पर (b) तत्त्व एवं सार के सिद्धान्त पर
(c) प्रतिकूलता के सिद्धान्त पर (d) समरस अर्थान्वयन पर

27. 'मानवाधिकार की सर्वव्यापी घोषणा' को संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा अंगीकृत किया गया था :
(a) 10 दिसम्बर, 1945 को (b) 10 दिसम्बर, 1946 को
(c) 10 दिसम्बर, 1948 को (d) 26 अक्टूबर, 1945 को

28. निम्न में से कौन संयुक्त राष्ट्र का 'प्रमुख अंग' नहीं है ?
(a) न्यासिता परिषद् (b) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्
(c) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (d) मानवाधिकार आयोग

29. अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के निम्न में से किस उपबन्ध के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय को किसी अधिवक्ता के व्यावसायिक दुराचार के सम्बन्ध में निर्णय देने का अधिकार है ?
(a) धारा 35 (b) धारा 36 (c) धारा 37 (d) धारा 38

30. 'डी जूरे बेली एक पेसिस' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(a) ह्यूगो ग्रोशियस (b) नासाबॉम (c) ओपेनहाइम (d) वाटेल

31. निम्नलिखित विधिशास्त्रियों में से कौन ऐतिहासिक विचारधारा के प्रवर्तक हैं ?
(a) ऑस्टिन (b) सेविग्नी (c) रॉस्को पाउन्ड (d) ड्यूगिट

32. 'समाजवाद' और 'पंथ निरपेक्ष' शब्दों को भारतीय संविधान के आमुख में कौन से संशोधन द्वारा जोड़ा गया ?
(a) 32वाँ (b) 22वाँ (c) 42वाँ (d) 52वाँ

33. भारतीय संविधान सभा ने 'जन गण मन अधिनायक जय हे' को राष्ट्रगान के रूप में अंगीकृत किया है :
(a) 24 जनवरी, 1950 को (b) 26 जनवरी, 1950 को
(c) 27 दिसम्बर, 1911 को (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. जस्टिस जगदीश सिंह खेहर को भारत के राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय के 44वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलायी :
(a) जनवरी 4, 2017 को (b) जनवरी 5, 2017 को
(c) जनवरी 6, 2017 को (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**35.** In which of the following cases the Supreme Court held that 'Bharat Ratna', 'Padma Vibhushan', 'Padma Bhushan' and 'Padma Shri' would not amount to 'title' within the meaning of Article 18(1) of the Constitution of India ?
(a) Union of India V. Bijan Ghosh
(b) Balaji Raghavan V. Union of India
(c) People's Union for Civil Liberties V. Union of India
(d) People's Union for Democratic Rights V. Union of India

**36.** In which of the following years "Convention on Elimination of All Forms of Discrimination Against Women" was adopted by the United Nations General Assembly ?
(a) 1978 (b) 1989 (c) 1992 (d) 1979

**37.** The 'Montreal Protocol' is related to
(a) Transboundry air pollution (b) Ozone Layer
(c) Hazardous waste (d) Climate change

**38.** Ownership to patents, copyright and trademarks, and the right to an easement is called
(a) Incorporeal ownership (b) Corporeal ownership
(c) Equitable ownership (d) Contingent ownership

**39.** The non-permanent members of the Security Council are elected for
(a) one year (b) two years (c) three years (d) four years

**40.** The headquarters of the 'World Intellectual Property Organisation' (WIPO) is located in
(a) Paris (b) Madrid (c) New York (d) Geneva

**41.** 'INTERPOL' means
(a) International Political Conference (b) International Association of Police Officers
(c) International Criminal Police Organisation (d) None of the above

**42.** 'Law Day' is celebrated in India on
(a) $26^{th}$ November (b) $28^{th}$ October (c) $2^{nd}$ October (d) $15^{th}$ August

**43.** Maximum number of ministers in a State including the Chief Minister can be
(a) 12% of the members of State's Legislative Assembly.
(b) 15% of the members of State's Legislative Assembly.
(c) 10% of the members of State's Legislative Assembly.
(d) 7% of the members of State's Legislative Assembly.

**44.** New chapter of 'plea bargaining' was added in the Criminal Procedure Code by
(a) Criminal Law (Amendment) Act, 2005
(b) Criminal Procedure Code (Amendment) Act, 2005
(c) Indian Evidence (Amendment) Act, 2005
(d) Indian Penal Code (Amendment) Act, 2005

**45.** 'Naz Foundation' case is related to
(a) Section 376 of the Indian Penal Code
(b) Section 378 of the Indian Penal Code
(c) Section 354 of the Indian Penal Code
(d) Constitutionality of Section 377 of the Indian Penal Code

**46.** 'Copyright' in India subsists for
(a) 50 years (b) 70 years (c) 60 years (d) 80 years

**47.** The limits of territorial water in the case of India has been extended to
(a) 8 nautical miles (b) 12 nautical miles
(c) 25 nautical miles (d) 50 nautical miles

**48.** Which of the following Articles of the Indian Constitution becomes automatically suspended on the 'Proclamation of Emergency' ?
(a) Article 19 (b) Article 32 (c) Article 21 (d) All of these

**49.** Clause (5) in Article 15 of the Indian Constitution was added by
(a) $91^{st}$ Amendment (b) $92^{nd}$ Amendment (c) $93^{rd}$ Amendment (d) $94^{th}$ Amendment

**50.** Under which Article of the Indian Constitution, the Supreme Court has developed the 'Curative Petition' ?
(a) Article 136 (b) Article 142 (c) Article 141 (d) Article 143

35. उच्चतम न्यायालय ने निम्न में से किस वाद में निर्णीत किया है कि 'भारत रत्न', 'पद्म विभूषण', 'पद्म भूषण' तथा 'पद्म श्री' भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अर्थ में 'उपाधि' के समकक्ष नहीं है ?
(a) भारत संघ बनाम बीजन घोष
(b) बालाजी राघवन बनाम भारत संघ
(c) पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम भारत संघ
(d) पीपल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ

36. "महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभावों की समाप्ति अभिसमय" को संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने निम्न में से किस वर्ष में अंगीकार किया है ?
(a) 1978 (b) 1989 (c) 1992 (d) 1979

37. 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल' सम्बन्धित है :
(a) ट्रांसबाउण्डरी वायु प्रदूषण से (b) ओजोन परत से
(c) परिसंकटमय अपशिष्ट से (d) जलवायु परिवर्तन से

38. पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क के स्वामित्व और सुखाचार के अधिकार को कहा जाता है
(a) अमूर्त स्वामित्व (b) मूर्त स्वामित्व (c) साम्यापूर्ण स्वामित्व (d) समाश्रित स्वामित्व

39. सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्य चुने जाते हैं :
(a) एक वर्ष के लिए (b) दो वर्षों के लिए (c) तीन वर्षों के लिए (d) चार वर्षों के लिए

40. 'विश्व बौद्धिक संपदा संगठन' (डब्ल्यू आई पी ओ) का मुख्यालय स्थित है :
(a) पेरिस में (b) मैड्रिड में (c) न्यूयोर्क में (d) जेनेवा में

41. 'इंटरपोल' से तात्पर्य है :
(a) अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक सम्मेलन (b) पुलिस अधिकारियों की अंतर्राष्ट्रीय एसोसिएशन
(c) अंतर्राष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. भारत में 'विधि दिवस' मनाया जाता है :
(a) 26 नवम्बर को (b) 28 अक्टूबर को (c) 2 अक्टूबर को (d) 15 अगस्त को

43. एक राज्य में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या हो सकती है :
(a) राज्य की विधान सभा की कुल संख्या की 12% (b) राज्य की विधान सभा की कुल संख्या की 15%
(c) राज्य की विधान सभा की कुल संख्या की 10% (d) राज्य की विधान सभा की कुल संख्या की 7%

44. दण्ड प्रक्रिया संहिता में 'प्ली बार्गेनिंग' का नया अध्याय जोड़ा गया :
(a) आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2005 के द्वारा
(b) दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2005 के द्वारा
(c) भारतीय साक्ष्य (संशोधन) अधिनियम, 2005 के द्वारा
(d) भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2005 के द्वारा

45. 'नाज फाउन्डेशन' वाद सम्बन्धित है :
(a) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 से (b) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 378 से
(c) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354 से (d) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 377 की संवैधानिकता से

46. भारत में 'प्रतिलिप्याधिकार' अस्तित्व में रहता है :
(a) 50 वर्षों तक (b) 70 वर्षों तक (c) 60 वर्षों तक (d) 80 वर्षों तक

47. भारत के मामले में क्षेत्रीय जल सीमा को विस्तारित किया गया है :
(a) 8 नौटिकल मील तक (b) 12 नौटिकल मील तक
(c) 25 नौटिकल मील तक (d) 50 नौटिकल मील तक

48. निम्नलिखित में से भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'आपातकाल की उद्घोषणा' होने पर स्वतः निलम्बित हो जाता है ?
(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 32 (c) अनुच्छेद 21 (d) उपरोक्त सभी

49. भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 में खण्ड (5) जोड़ा गया था :
(a) 91 वाँ संशोधन द्वारा (b) 92 वाँ संशोधन द्वारा
(c) 93 वाँ संशोधन द्वारा (d) 94 वाँ संशोधन द्वारा

50. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत, उच्चतम न्यायालय ने 'क्यूरेटिव पिटीशन' को विकसित किया है ?
(a) अनुच्छेद 136 (b) अनुच्छेद 142 (c) अनुच्छेद 141 (d) अनुच्छेद 143

## PART – 2
## LAW

**51.** Whoever has been previously convicted of an offence punishable under section 376 or 376-A or 376-D of Indian Penal Code and is subsequently convicted for an offence punishable under any of the said sections, shall be punished with
- (a) rigorous imprisonment of 20 years which may be extended to life-imprisonment.
- (b) rigorous imprisonment of 20 years and also with fine.
- (c) imprisonment for life or with death.
- (d) simple imprisonment upto 20 years.

**52.** Which one of the following is not an offence punishable under Indian Penal Code, 1860 ?
- (a) Preparing to wage war against Government of India.
- (b) Preparing to commit dacoity or robbery.
- (c) Preparing to commit depredation on the territory of friendly State of the Government of India.
- (d) Preparing to commit suicide.

**53.** For the offence of wrongful confinement there must be circumscribing limits of any kind which may be
- (a) large or narrow boundary
- (b) visible or tangible area
- (c) movable or fixed territory
- (d) All of the above

**54.** 'A' kills 'C' thinking 'C' is 'B'. Here 'A' is guilty of the offence punishable under Indian Penal Code under
- (a) Section 301
- (b) Section 304 Part I
- (c) Section 302
- (d) Section 304 Part II

**55.** "A" sets fire by night to an inhabited house in a large town for the purpose facilitating to commit robbery and thus cause the death of "B". Here "A" will be punishable for the offence of
- (a) Causing death voluntarily
- (b) Abetment
- (c) Mischief
- (d) An attempt to commit robbery

**56.** Which of the following committees proposed a new chapter in the Indian Penal Code for incorporating White Collar Crimes and Socio-Economic Crimes ?
- (a) Malimath Committee
- (b) Santhanam Committee
- (c) Soli Sorabji Committee
- (d) None of the above

**57.** "To preserve one's life is generally speaking a duty, but it may be the highest duty to sacrifice it too." This observation was made in Queen Vs Dudley and Stephen's case by
- (a) Lord Acton
- (b) Lord Pollock
- (c) Lord Coleridge
- (d) Lord Denman

**58.** Which one of the following is not a mode of abetment under Indian Penal Code, namely ?
- (a) Instigation
- (b) Aiding
- (c) Conspiracy
- (d) Attempt

**59.** Which one of the following factors makes 'sand' that is integral part of the earth as a movable property ?
- (a) When it is used at it's place.
- (b) When it is excavated but left at its place.
- (c) When it is excavated and thus separated from the earth completely.
- (d) None of the above.

**60.** Which of the following is not an offence under Indian Penal Code neither against human body nor property, namely the offence of
- (a) cheating
- (b) murder
- (c) robbery
- (d) sedition

**61.** The High Court may make rules under section 477 of the Code of Criminal Procedure, 1973 with the previous permission of
- (a) State Government
- (b) Central Government
- (c) Attorney General
- (d) State and Central Government both

## भाग - 2
## विधि

51. जो कोई भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 या 376–क या 376–घ के अधीन किसी अपराध के लिए पूर्व में दण्डित किया गया है और तत्पश्चात् उक्त धाराओं में से किसी एक के लिए पुनः दण्डित किया जाता है तो वह निम्न प्रकार से दण्डित होगा :
    (a) 20 वर्ष के कठोर कारावास से जो आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है ।
    (b) 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा जुर्माने से ।
    (c) आजीवन कारावास या मृत्युदण्ड से ।
    (d) 20 वर्ष तक के साधारण कारावास से ।

52. निम्न में से कौन सा अपराध भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में दण्डनीय नहीं है ?
    (a) भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध की तैयारी करना ।
    (b) डकैती या लूट की तैयारी करना ।
    (c) भारत के मित्र राज्य के क्षेत्र में लूटपाट की तैयारी करना ।
    (d) आत्महत्या की तैयारी करना ।

53. सदोष अवरोध के अपराध के लिए यह आवश्यक है कि एक निश्चित परिधि होनी चाहिये चाहे –
    (a) विशाल या संकीर्ण सीमा वाली हो ।
    (b) दृश्यमान या अदृश्यमान क्षेत्र वाली हो ।
    (c) चलायमान या स्थिर क्षेत्र वाली हो ।
    (d) उपरोक्त सभी

54. "अ" "स" को "ब" समझकर उसकी हत्या कर देता है । यहाँ "अ" भारतीय दण्ड संहिता के अधीन किस धारा में दण्डनीय होगा ?
    (a) धारा 301 में (b) धारा 304 भाग I में (c) धारा 302 में (d) धारा 304 भाग II में

55. "A" लूट कारित करने के आशय से रात्रि में एक बड़े कस्बे में एक आवासित मकान में आग लगा देता है जिससे "B" की मृत्यु हो जाती है । यहाँ "A" दण्डनीय होगा अपराध से
    (a) स्वेच्छा से मृत्यु कारित करने के
    (b) दुष्प्रेरण के
    (c) रिष्टि के
    (d) लूट किये जाने के प्रयत्न के

56. भारतीय दण्ड संहिता में सफेद पोश व सामाजिक–आर्थिक अपराधों का एक नवीन अध्याय प्रतिस्थापित किये जाने के लिए निम्न में से किस समिति का गठन किया गया था ?
    (a) मलिमथ समिति का
    (b) सन्थानम समिति का
    (c) सोली सोरबजी समिति का
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. "अपने जीवन को सुरक्षित रखना सामान्यतः एक कर्त्तव्य है, परन्तु इसको दूसरों के लिए बलिदान कर देना भी परम कर्त्तव्य है ।" यह टिप्पणी क्वीन बनाम डूडले एण्ड स्टीफन्स के वाद में किसके द्वारा की गयी थी ?
    (a) लॉर्ड ऐक्टन द्वारा (b) लॉर्ड पोलक द्वारा (c) लॉर्ड कोलरिज द्वारा (d) लॉर्ड डेनमैन द्वारा

58. निम्न में से कौन सा तरीका भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दुष्प्रेरण से सम्बन्धित नहीं है ?
    (a) उकसाना (b) सहायता देना (c) षड्यन्त्र रचना (d) प्रयत्न

59. निम्न में से कौन सा तत्व 'बालू' को चल सम्पत्ति बना देता है जो कि भूमि का अभिन्न अंग होती है ?
    (a) जब इसे प्रयोग कर लिया जाता है उसी स्थान पर ।
    (b) जब इसे खोद दिया जाता है किन्तु वहीं छोड़ दिया जाता है ।
    (c) जब इसे खोद लिया जाता है तथा भूमि से बिलकुल पृथक् कर दिया जाता है ।
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. निम्नलिखित में से कौन सा अपराध भारतीय दण्ड संहिता में न तो शरीर व न ही सम्पत्ति के विरुद्ध है ?
    (a) छल का (b) हत्या का (c) लूट का (d) राजद्रोह का

61. किसकी पूर्वानुमति से उच्च न्यायालय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 477 के अनुसार नियम बना सकता है ?
    (a) राज्य सरकार की
    (b) केन्द्र सरकार की
    (c) महान्यायवादी की
    (d) केन्द्र व राज्य सरकार दोनों की

**62.** In which of the following case it was held that "identity of victim is not to be disclosed even in judgement of the court" ?
(a) Shashikant Vs C.B.I. AIR 2007 SC 351
(b) Dinesh Vs. State of Rajasthan AIR.2006 SC 1267
(c) Naveen Chandra Vs. State of Uttaranchal AIR 2007 SC 363
(d) None of the above

**63.** Power of the Magistrate to order a person to give specimen signature or handwriting has been inserted under Code of Criminal Procedure, 1973 under
(a) Section 310 A (b) Section 311 A (c) Section 312 A (d) Section 313 A

**64.** Laying of "trap" is a part of
(a) Inquiry (b) Trial (c) Investigation (d) None of these

**65.** The term "court" under section 195 cl(3) of the Code of Criminal Procedure, 1973 includes
(a) only Civil Court (b) only Criminal Court
(c) only Revenue Court (d) all Civil, Criminal and Revenue Courts

**66.** A person can be summoned as a witness under section 160 of the Code of Criminal Procedure, 1973 by
(a) any Police Officer (b) any Officer
(c) investigating Police Officer (d) Station House Officer

**67.** The Criminal Law (Amendment) Act, 2013 came into force on
(a) 19th March, 2013 (b) 3rd February, 2013
(c) 21st March, 2013 (d) 31st March, 2013

**68.** When a person refused to answer or to produce document in the court, then he may be awarded the punishment of imprisonment under Section 349 of the Code of Criminal Procedure, 1973
(a) Upto 6 months (b) Upto 1 year (c) Upto 3 years (d) Upto 7 days

**69.** Limitation period prescribed under Section 468 of the Code of Criminal Procedure, 1973 is related to
(a) completion of investigation (b) completion of trial
(c) cognizance of offence by the court (d) completion of inquiry

**70.** Ordinarily the place of trial of an offence is the place where
(a) it has been committed. (b) accused is arrested.
(c) consequence is ensued. (d) None of the above

**71.** "Section 125 of the Code of Criminal Procedure, 1973 is applicable to all persons irrespective of their religion." It was laid down in
(a) Mohd. Umar Khan Vs. Gulshan Begam (b) Mohd. Ahmad Khan Vs. Shah Bano Begum
(c) Mst Johra Khatun Vs. Mohd. Ibrahim (d) Noor Saba Khatun Vs. Mohd. Quasim

**72.** A statement covered under Section 164 of the Code of Criminal Procedure, 1973, can be recorded by
(a) an Executive Magistrate (b) Police Officer
(c) a Judicial or Metropolitan Magistrate (d) All of the above

**73.** "High Court cannot directly entertain the bail application of POTA accused person without its refusal by special court." This was laid down by S.C. in
(a) State of Maharashtra Vs. S.K. Dhinde
(b) State of Gujarat Vs. Salim Bhai Abdul Guffor Shaikh
(c) State of Gujarat Vs. Santosh Kumar
(d) State of U.P. Vs. S.N. Srivastava

**74.** Who is empowered to remove 'nuisance' under Section 133 of the Code of Criminal Procedure, 1973 ?
(a) Judicial Magistrate I Class (b) Chief Judicial Magistrate
(c) Session Judge (d) District Magistrate

**75.** Provisions relating to bail to require the accused to appeal before the next appellate court has been mentioned under which section of the Code of Criminal Procedure, 1973 ?
(a) Section 436 (b) Section 436 A (c) Section 437 A (d) Section 438

62. निम्नलिखित में से किस वाद में यह कहा गया था कि "पीड़ित की पहचान उजागर न की जाय, न्यायालय के निर्णय में भी" ?
   (a) शशिकान्त बनाम सी.बी.आई., ए.आई.आर. 2007 सु.को. 351 में
   (b) दिनेश बनाम राजस्थान राज्य, ए.आई.आर. 2006 सु.को. 1267 में
   (c) नवीनचन्द्र बनाम उत्तरांचल राज्य ए.आई.आर. 2007 एस.सी. 363
   (d) उपरोक्त किसी में नहीं

63. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा में मजिस्ट्रेट के द्वारा किसी व्यक्ति को अपने हस्ताक्षर या हस्तलेख देने के लिए निर्देश की शक्ति को समाविष्ट किया गया है ?
   (a) धारा 310 क में (b) धारा 311 क में (c) धारा 312 क में (d) धारा 313 क में

64. 'जाल बिछाने' की कार्यवाही, निम्नलिखित में से किसका हिस्सा है ?
   (a) जाँच का (b) विचारण का (c) अन्वेषण का (d) उपरोक्त किसी का नहीं

65. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 195 cl(3) के अंतर्गत "न्यायालय" शब्दावली में सम्मिलत है :
   (a) केवल सिविल न्यायालय (b) केवल आपराधिक न्यायालय
   (c) केवल राजस्व न्यायालय (d) सभी सिविल, आपराधिक व राजस्व न्यायालय

66. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 160 में किसी व्यक्ति को साक्षी की तरह बुलाने हेतु तामील किया जा सकता है –
   (a) किसी पुलिस अधिकारी द्वारा (b) किसी अधिकारी द्वारा
   (c) अन्वेषण पुलिस अधिकारी द्वारा (d) थानाधिकारी द्वारा

67. दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 प्रवर्तन में आया –
   (a) 19 मार्च, 2013 को (b) 3 फरवरी, 2013 को
   (c) 21 मार्च, 2013 को (d) 31 मार्च, 2013 को

68. जब कोई व्यक्ति न्यायालय में प्रश्न का उत्तर देने या दस्तावेज पेश करने से मना कर देता है, तो उसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 349 में कितने कारावास का दण्ड दिया जा सकता है ?
   (a) 6 मास तक का (b) 1 वर्ष तक का (c) 3 वर्ष तक का (d) 7 दिन तक का

69. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 468 में दी गयी परिसीमा सम्बन्धित है –
   (a) अन्वेषण को पूरा करने से (b) विचारण को पूरा करने से
   (c) न्यायालय द्वारा अपराध का संज्ञान लेने से (d) जाँच को पूरा करने से

70. साधारणतया एक अपराध के विचारण का स्थान वहाँ है, जहाँ
   (a) वह अपराध कारित किया गया है । (b) अभियुक्त गिरफ्तार हुआ है ।
   (c) प्रभाव या परिणाम निकला है । (d) उपरोक्त में कोई नहीं

71. 'धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 सभी व्यक्तियों पर लागू होती है चाहे वे किसी भी धर्म के हों ।" यह प्रतिपादित किया गया था
   (a) मो. उमर खान ब. गुलशन बेगम में (b) मो. अहमद खान ब. शाह बानो बेगम में
   (c) मु. जोहरा खातून ब. मो. इब्राहीम में (d) नूर सबा खातून ब. मो. कासिम में

72. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164 की परिधि में आने वाले कथन (बयान) को अभिलिखित किया जा सकता है
   (a) किसी कार्यपालक मजिस्ट्रेट के द्वारा (b) किसी पुलिस अधिकारी के द्वारा
   (c) किसी न्यायिक या मेट्रोपोलीटन मजिस्ट्रेट के द्वारा (d) उपरोक्त सभी के द्वारा

73. "उच्च न्यायालय किसी पोटा (POTA) अभियुक्त की जमानत याचिका को सीधे स्वीकार नहीं कर सकता जब तक उसे विशेष न्यायालय द्वारा खारिज न किया गया हो ।" यह उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित किया गया था
   (a) महाराष्ट्र राज्य ब. एस.के. ढिण्डे में (b) गुजरात राज्य ब. सलीम भाई अब्दुल गफ्फूर शेख में
   (c) गुजरात राज्य ब. सन्तोष कुमार में (d) उत्तर प्रदेश राज्य ब. एस.एन.श्रीवास्तव में

74. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 133 में 'उपताप' को हटाने की शक्ति है
   (a) प्रथम वर्ग के न्यायिक मजिस्ट्रेट को (b) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को
   (c) सेशन जज को (d) जिला मजिस्ट्रेट को

75. जमानत हेतु अभियुक्त को उच्चतर अपील न्यायालय के समक्ष उपसंजात होने की अपेक्षा से सम्बन्धित प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में प्रदान किये गये हैं
   (a) धारा 436 में (b) धारा 436 क में (c) धारा 437 क में (d) धारा 438 में

**76.** Facts alleged by one party and denied by the other in a case, are called as
(a) Positive facts (b) Negative facts (c) Relevant facts (d) Facts in issue

**77.** Pawan Kumar Vs. State of Haryana, A.I.R. 2001 S.C. 1324 relates to
(a) presumption as to dowry death.
(b) presumption as to legitimacy.
(c) presumption as to rape.
(d) presumption as to abetment of suicide by a married woman.

**78.** The previous conviction of a person is relevant under Indian Evidence Act, 1872 under
(a) Section 14 Explanation I (b) Section 14 Explanation II
(c) Section 8 Explanation I (d) Section 8 Explanation II

**79.** Irrefutable presumptions of law are indicated by the Indian Evidence Act, 1872 by the expression of
(a) may presume (b) shall presume (c) conclusive proof (d) All of these

**80.** Under Indian Evidence Act, 1872 what has not been mentioned ?
(a) Relevancy of evidence (b) Admissibility of evidence
(c) Weight of evidence (d) All the above

**81.** 'A' is charged with travelling on a railway without ticket. The burden of proof is on him according to Indian Evidence Act, 1872 under
(a) Section 102 (b) Section 106 (c) Section 107 (d) Section 108

**82.** Which one of the following section of Indian Evidence Act, 1872 has been amended by the Criminal Law (Amendment) Act, 2013 ?
(a) Section 119 (b) Section 120 (c) Section 121 (d) Section 126

**83.** Which section of the Indian Evidence Act, 1872 is based on the principle of "Agency" ?
(a) Section 7 (b) Section 8 (c) Section 9 (d) Section 10

**84.** The principle of "Res judicata" has been incorporated under Indian Evidence Act, 1872 under
(a) Section 39 (b) Section 40 (c) Section 139 (d) Section 140

**85.** Photostat copy of family settlement deed is allowed to be produced before the court as an
(a) primary evidence (b) original evidence
(c) secondary evidence (d) electronic evidence

**86.** The presumption under section 41 of the Indian Evidence Act, 1872 is a/an
(a) presumption of fact (b) refutable presumption of law
(c) presumption of fact and law (d) irrefutable presumption of law

**87.** Court can ask question under Section 165 of the Indian Evidence Act, 1872 to
(a) any party and witness
(b) a non-party
(c) legal representatives of the party to proceedings
(d) None of the above

**88.** Existence of 'any right' or 'custom' may be proved under Indian Evidence Act, 1872 under
(a) Section 13 only (b) Section 14 only
(c) Section 15 only (d) None of the above

**89.** Evidence of 'character' includes evidence of
(a) reputation only
(b) disposition only
(c) general disposition and general reputation both
(d) None of the above

**90.** Principle of "ALIBI" is indirectly covered in Indian Evidence Act, 1872 under
(a) Section 6 (b) Section 8 (c) Section 9 (d) Section 11

76. वे तथ्य जिन्हें किसी वाद में एक पक्षकार द्वारा अभिकथित किया जाता है तथा दूसरे द्वारा इन्कार या मना किया जाता है, कहलाते हैं
(a) सकारात्मक तथ्य (b) नकारात्मक तथ्य (c) सुसंगत तथ्य (d) विवाद्यक तथ्य

77. पवन कुमार ब. हरियाणा राज्य ए.आई.आर. 2001 सु.को.1324 का वाद सम्बन्धित है
(a) दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा से
(b) धर्मजत्व की उपधारणा से
(c) बलात्कार के बारे में उपधारणा से
(d) किसी विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के बारे में उपधारणा से

78. किसी व्यक्ति की पूर्व दोषसिद्धि सुसंगत है भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की
(a) धारा 14 के स्पष्टीकरण I में (b) धारा 14 के स्पष्टीकरण II में
(c) धारा 8 के स्पष्टीकरण I में (d) धारा 8 के स्पष्टीकरण II में

79. विधि की अखण्डनीय उपधारणा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न में से किस शब्दावली में व्यक्त किये गये हैं ?
(a) उपधारणा कर सकेगा में (b) उपधारणा करेगा में
(c) निश्चयात्मक सबूत में (d) उपरोक्त सभी में

80. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में क्या वर्णित नहीं किया गया है ?
(a) साक्ष्य की सुसंगतता (b) साक्ष्य की ग्राह्यता
(c) साक्ष्य का वजन या भार (d) उपर्युक्त सभी

81. 'A' पर रेल से बिना टिकट यात्रा करने का आरोप है । यह साबित करने का भार कि उसके पास टिकट है, उसी पर है, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की
(a) धारा 102 के अनुसार (b) धारा 106 के अनुसार
(c) धारा 107 के अनुसार (d) धारा 108 के अनुसार

82. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न में से किस धारा को दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा संशोधित किया गया है ?
(a) धारा 119 को (b) धारा 120 को (c) धारा 121 को (d) धारा 126 को

83. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की कौन सी धारा ऐजेन्सी (अभिकरण) के सिद्धान्त पर आधारित है ?
(a) धारा 7 (b) धारा 8 (c) धारा 9 (d) धारा 10

84. "पूर्व न्याय" का सिद्धान्त भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के किस प्रावधान में समाहित किया गया है ?
(a) धारा 39 में (b) धारा 40 में (c) धारा 139 में (d) धारा 140 में

85. परिवार समझौता पत्र की फोटो प्रतिलिपि न्यायालय के समक्ष पेश की जा सकती है, एक –
(a) प्राथमिक साक्ष्य के रूप में (b) मूल साक्ष्य के रूप में
(c) द्वितीयक साक्ष्य के रूप में (d) इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के रूप में

86. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 41 में वर्णित उपधारणा है
(a) तथ्य की उपधारणा (b) विधि की खण्डनीय उपधारणा
(c) तथ्य एवम् विधि की उपधारणा (d) विधि की अखण्डनीय उपधारणा

87. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 165 में न्यायालय प्रश्न पूछ सकता है
(a) किसी पक्षकार व साक्षी से (b) अपक्षकार से
(c) मामले के पक्षकार के विधिक प्रतिनिधि से (d) उपरोक्त किसी से नहीं

88. 'किसी अधिकार' या 'प्रथा' के अस्तित्व को भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में साबित किया जा सकता है –
(a) केवल धारा 13 में (b) केवल धारा 14 में (c) केवल धारा 15 में (d) उपरोक्त किसी में नहीं

89. शील (चरित्र) के साक्ष्य में सम्मिलित होता है
(a) केवल ख्याति का साक्ष्य (b) केवल स्वभाव का साक्ष्य
(c) दोनों सामान्य ख्याति व सामान्य स्वभाव का साक्ष्य (d) उपरोक्त कोई नहीं

90. "अन्यत्र उपस्थिति" (अलीबी) का सिद्धान्त अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में समाहित है :
(a) धारा 6 में (b) धारा 8 में (c) धारा 9 में (d) धारा 11 में

**91.** In the law of evidence, a 'retracted confession'
- (a) is of no value.
- (b) is alone sufficient for conviction.
- (c) can be acted upon, but as a matter of prudence the court must look for some corroboration from other facts and evidences.
- (d) None of the above

**92.** Which of the following means 'a fact to be proved" ?
- (a) Quid Probandum
- (b) Modus Probandi
- (c) Both (a) and (b)
- (d) None of the above

**93.** In which of the following instances does evidence means "a fact which serves as the foundation for an inference" ?
- (a) Direct evidence
- (b) Circumstantial evidence
- (c) Both (a) and (b)
- (d) None of the above

**94.** In which of the following cases it was laid down that "Section 27 of the Indian Evidence Act 1872, is an exception of Section 24, 25 and 26 of the Act" ?
- (a) Pakala Narayan Swami Vs. Emperor
- (b) Inaytulla Vs. State of Maharashtra
- (c) State of U.P. Vs. Deoman Upadhyaya
- (d) P. Kottayya Vs. Emperor

**95.** Confidential Communication with whom of the following is protected under Indian Evidence Act, 1872 ?
- (a) To Magistrate
- (b) To Police Officer
- (c) To Legal Advisor
- (d) To Revenue Officer

**96.** In which of the following case the Supreme Court rejected the Dying Declaration which was recorded by the Magistrate but which was not signed by the declarant ?
- (a) Harnam Vs. State of U.P.
- (b) State of U.P. Vs. Shishpal Singh
- (c) State of Punjab Vs. Bakshish Singh
- (d) None of the above

**97.** In civil cases the fact that the character of any person is such as is to affect the amount of damages which he ought to receive is
- (a) relevant
- (b) irrelevant
- (c) depend upon each and every case
- (d) None of the above

**98.** The principle of "presumption of survivorship", has been incorporated in the Indian Evidence Act, 1872 under
- (a) Section 106
- (b) Section 107
- (c) Section 108
- (d) Section 109

**99.** Contents of a document under Section 59 of the Indian Evidence Act, 1872 may be proved by
- (a) oral evidence
- (b) circumstantial evidence
- (c) primary or secondary evidence
- (d) None of the above

**100.** "Knowledge from STD booth from where accused persons talked with each other, is relevant for Section 27 of the Evidence Act, 1872." It was laid down by the Supreme Court in
- (a) R.M. Malkani Vs. State of Maharashtra
- (b) State of M.P. Vs. Kirpa Ram (2003) 12 SCC 175
- (c) S.C. Bahri Vs. State of Bihar, A.I.R. 1994 S.C. 2020
- (d) Abuthagir Vs. State, A.I.R. 2009 S.C. 2797

**101.** An arrest warrant issued by a court can be executed at
- (a) any place in that State
- (b) any place in India
- (c) any place under jurisdiction of the Court
- (d) any place in the District

**102.** A proclaimed offender whose property has been attached can claim back the property or sale proceeds, on appearance the court
- (a) within 6 months of attachment
- (b) within 1 year of attachment
- (c) within 2 years of attachment
- (d) within 3 years of attachment

91. साक्ष्य विधि में, एक 'मुकरी गयी संस्वीकृति'
(a) का कोई महत्व नहीं है ।
(b) अकेले दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त है ।
(c) इस पर विश्वास किया जा सकता है किन्तु न्यायालय द्वारा इसकी अन्य तथ्यों व साक्ष्यों से सम्पुष्टि आवश्यक है ।
(d) उपरोक्त कोई नहीं

92. "एक तथ्य साबित किया जाना है" का निम्नलिखित में से कौन सा अर्थ है ?
(a) क्वीड प्रोबन्डम (b) मोडस प्रोबन्डी (c) (a) और (b) दोनों (d) उपरोक्त में कोई नहीं

93. निम्नलिखित में से किस उदाहरण में साक्ष्य का अर्थ है "एक तथ्य जिसमें एक निष्कर्ष नींव के रूप में है" ?
(a) प्रत्यक्ष साक्ष्य (b) परिस्थितिजन्य साक्ष्य (c) (a) और (b) दोनों (d) उपरोक्त कोई नहीं

94. निम्न वादों में से किस वाद में यह कहा गया था कि "भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 27, इस अधिनियम की धारा 24, 25 व 26 का अपवाद है" ?
(a) पकाला नारायण स्वामी ब. ऐम्परर में
(b) इनायतुल्ला ब. महाराष्ट्र राज्य में
(c) उ.प्र. राज्य ब. देवमन उपाध्याय में
(d) पी. कोट्टय्या ब. ऐम्परर में

95. गुप्त सूचनायें निम्न में से किसको दिये जाने पर संरक्षित हैं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अनुसार ?
(a) मजिस्ट्रेट को (b) पुलिस अधिकारी को (c) विधिक सलाहकार को (d) राजस्व अधिकारी को

96. निम्न में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने एक मृत्युकालिक घोषणा को अस्वीकृत किया था जो मजिस्ट्रेट के द्वारा अभिलिखित की गयी थी किन्तु घोषणा करने वाले ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किये थे ?
(a) हरनाम बनाम उ.प्र. राज्य में
(b) उ.प्र. राज्य बनाम शीशपाल सिंह में
(c) पंजाब राज्य बनाम बख्शीश सिंह में
(d) उपरोक्त किसी में नहीं

97. सिविल मामलों में, तथ्य जो किसी व्यक्ति के शील (चरित्र) से सम्बन्धित है, जो उसके प्रतिकर को प्रभावित करता है, जो उसे मिलना चाहिये
(a) सुसंगत है ।
(b) विसंगत है ।
(c) प्रत्येक मामले पर निर्भर करता है ।
(d) उपरोक्त कोई नहीं

98. "उत्तरजीविता की उपधारणा" का नियम भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा में समाहित किया गया है ?
(a) धारा 106 में (b) धारा 107 में (c) धारा 108 में (d) धारा 109 में

99. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 59 में किसी दस्तावेज की अन्तर्वस्तु को साबित किया जा सकता है
(a) मौखिक साक्ष्य द्वारा
(b) परिस्थितिजन्य साक्ष्य द्वारा
(c) प्राथमिक या द्वितीयक साक्ष्य द्वारा
(d) उपरोक्त किसी से नहीं

100. "एस.टी.डी. (STD) बूथ पर जहाँ पर अभियुक्तों ने आपस में बातचीत की थी, उससे ली गयी सूचना भी धारा 27 साक्ष्य अधिनियम, 1872 हेतु सुसंगत होती है ।" यह उच्चतम न्यायालय ने कहा है
(a) आर.एम.मलकानी ब. महाराष्ट्र राज्य में
(b) मध्य प्रदेश राज्य ब. कृपाराम, (2003) 12 एस.सी.सी. 175 में
